**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया


निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 266 लखनऊ, गुरुवार 21 मई 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी और राष्ट्रपति सर्जियो मटारेला के साथ व्यापक वार्ता की गयी



एजेंसी।
दिल्ली। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा को दोनों देशों के संबंधों के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय इटली यात्रा है और इस यात्रा ने लंबे अंतराल को समाप्त करते हुए संबंधों को नई गति दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पांच देशों की कूटनीतिक यात्रा का अंतिम चरण इटली की राजधानी रोम में भारत और इटली के संबंधों के लिए ऐतिहासिक साबित हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और राष्ट्रपति सर्जियो मटारेला के साथ व्यापक वार्ता कर दोनों देशों के संबंधों को विशेष रणनीतिक साझेदारी के नए स्तर तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि रोम को दुनिया में "अनंत शहर" के रूप में जाना जाता है और उनकी लोकसभा सीट काशी की पहचान भी इसी प्रकार की है। उन्होंने कहा कि जब दो प्राचीन सभ्यताएं मिलती हैं, तो बातचीत केवल किसी तय एजेंडे तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसमें इतिहास की गहराई, भविष्य की झलक और मित्रता की सहजता दिखाई देती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और इटली के बीच चर्चा केवल औपचारिक संबंधों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह साझा मूल्यों और दीर्घकालिक सहयोग की दिशा में आगे बढ़ रही है। बाइट। प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा को दोनों देशों के संबंधों के लिए ऐतिहासिक दिन बताया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 के बाद यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय इटली यात्रा है और इस यात्रा ने लंबे अंतराल को समाप्त करते हुए संबंधों को नई गति दी है। मेलोनी ने कहा कि भारत और इटली के संबंध अब निर्णायक चरण में पहुंच चुके हैं और दोनों देश स्वतंत्रता, लोकतंत्र तथा साझा भविष्य की सोच के आधार पर विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि दोनों देशों ने रक्षा, समुद्री सुरक्षा, रणनीतिक प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। संयुक्त बयान में कहा गया है कि भारत और इटली आतंकवाद, साइबर अपराध, मानव तस्करी, अंतरराष्ट्रीय अपराध नेटवर्क और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करेंगे। इसके साथ ही महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा और वैश्विक रणनीतिक स्थिरता को भी सहयोग का प्रमुख आधार बनाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति सर्जियो मातारेला के साथ भी प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। इस दौरान व्यापार, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, नवाचार और संयुक्त रणनीतिक कार्य योजना 2025–2029 के तहत सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने दीर्घकालिक साझेदारी को और मजबूत करने का संकल्प दोहराया।हम आपको यह भी बता दें कि भारत और इटली ने विनिर्माण तथा निवेश के क्षेत्र में भी नई संभावनाओं को रेखांकित किया। दोनों नेताओं ने कहा कि "मेड इन इटली" और "मेक इन इंडिया" पहल के बीच स्वाभाविक तालमेल मौजूद है। इटली की डिजाइन क्षमता, उन्नत विनिर्माण और तकनीकी विशेषज्ञता को भारत की इंजीनियरिंग प्रतिभा, उद्यमिता और तेज आर्थिक विकास के साथ जोड़कर नई औद्योगिक साझेदारी विकसित की जाएगी। दोनों देशों ने वर्ष 2029 तक द्विपक्षीय व्यापार को 20 अरब यूरो से आगे ले जाने का लक्ष्य रखा है। रक्षा और अंतरिक्ष, मशीनरी, वाहन कलपुर्जे, औषधि, रसायन, वस्त्र, कृषि आधारित खाद्य उद्योग और पर्यटन को सहयोग के प्रमुख क्षेत्र माना गया है। दोनों पक्षों ने बताया कि एक हजार से अधिक भारतीय और इतालवी कंपनियां दोनों देशों में सक्रिय हैं, जिससे औद्योगिक एकीकरण लगातार मजबूत हो रहा है। यूरोपीय संघ और भारत के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को भी व्यापार और निवेश बढ़ाने में महत्वपूर्ण बताया गया। इटली में भारत की राजदूत वाणी राव ने कहा कि यह यात्रा भारत और इटली के बढ़ते और गहरे होते संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दोनों देश रक्षा निर्माण, बंदरगाह, प्रतिभा आदान–प्रदान, ऊर्जा सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में दीर्घकालिक साझेदारी विकसित करेंगे। भारत चाहता है कि इतालवी कंपनियां देश को केवल बाजार नहीं, बल्कि रणनीतिक और तकनीकी साझेदार के रूप में देखें। हम आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखला, समुद्री सुरक्षा, ऊर्जा परिवर्तन और उभरती प्रौद्योगिकियों में अपनी भूमिका मजबूत करने की दिशा में सक्रिय है।

## यूपी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुटी भाजपा, 25 मंडलों में प्रभारियों को दी बड़ी जिम्मेदारी



संवाददाता, लखनऊ। विधान सभा चुनाव की तैयारियों में भाजपा जुट गई है। संगठन को नीचे स्तर पर मजबूत करने के लिए महानगर के सभी 25 मंडलों के लिए प्रभारियों की तैनाती कर दी गई है। इनकी संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने तथा आगामी कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। पार्टी नेतृत्व ने सभी प्रभारियों से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं से नियमित संवाद बनाए रखने तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी की तरफ से मंडल प्रभारियों की सूची जारी की गई है।चिनहट शहरी (पूर्व–5) मंडल का प्रभारी राकेश पाण्डेय, सरोजनी नगर दक्षिण–1 का सौरभ बाल्मीकि, सरोजनी नगर दक्षिण–2 का सतीश चंद्र मिश्रा एवं सरोजनी नगर दक्षिण–3 का विनोद सिंह कल्लू, कैंट–एक पर धनश्याम दास अग्रवाल, कैंट–दो पर मानवेन्द्र प्रताप सिंह, कैंट–ती पर पंकज सक्सेना तथा कैंट–चार पर आनन्द कुमार पाण्डेय, पश्चिम–1 मंडल में जीडी शुक्ला, पश्चिम–दो में हरशरण लाल गुप्ता, पश्चिम–तीन में योगेन्द्र पटेल तथा पश्चिम–चार में संतोष सिंह, उत्तर क्षेत्र एक पर प्रमोद सिंह, उत्तर–दो पर सचिन वैश्य, उत्तर–तीन पर चन्द्र प्रकाश अवस्थी, उत्तर–चार पर अरविंद मिश्रा, उत्तर– पांच पर डॉ. यूएन पाण्डेय को जिम्मेदारी दी गई है। पूर्व–एक में अनूप सिंह, पूर्व–दो में टिंकू सोनकर, पूर्व–तीन के लिए रामसरन सिंह तथा पूर्व–चार में अभिषेक खरे को जिम्मेदारी दी गई है।

## गोमती नदी पर अवैध कब्जे को लेकर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के खिलाफ अपनाया सख्त रुख नीलांश वाटर पार्क सहित 7 पक्षों को नोटिस, तहसीलदार को 7 जुलाई तक कार्रवाई की डेडलाइन गोमती नदी संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

कोर्ट में दाखिल एफिडेविट में राज्य सरकार ने स्वीकार किया गोमती नदी के तटों पर नीलांश वाटर पार्क द्वारा दीवार बना कर कब्जा किया गया




लखनऊ, 19 मई 2026रू इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने गोमती नदी संरक्षण को लेकर ऐतिहासिक आदेश पारित किया है। मुख्य न्यायाधीश माननीय अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति माननीय जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने गोमती नदी के तट पर हो रहे अतिक्रमण पर राज्य सरकार के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है सरकार ने माना अतिक्रमण, बेंच हुई नाराज सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि राज्य सरकार ने स्वयं गोमती नदी के तट पर अतिक्रमण पाया जाना माना है। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई न होने पर माननीय उच्च न्यायालय की खंडपीठ नाराज हुई। कोर्ट ने पाया कि उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 67 के तहत कार्यवाही को सिर्फ एक–एक कारण से विलंबित किया जा रहा है। याचिका पर विद्वान अधिवक्ता विनीत पांडेय की बहस के बाद आदेश जनहित याचिका संख्या 10‌2024 – दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज बनाम राज्य उ.प्र. पर विद्वान अधिवक्ता विनीत कुमार पांडेय ने बहस की। अधिवक्ता ने कोर्ट के समक्ष गोमती नदी पर हुए कब्जे से जुड़े सभी तथ्य और पुख्ता सबूत रखे। उनकी प्रभावी बहस के बाद ही माननीय न्यायालय ने यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता की ओर से विद्वान अधिवक्ता धर्मेन्द्र सिंह और विद्वान अधिवक्ता प्रदीप कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे।कोर्ट के 3 बड़े निर्देश 1.नोटिस जारीरू नीलांश वाटर पार्क सहित प्रतिवादी संख्या 10 से 16 को नोटिस जारी किया गया। इनकी ओर से विद्वान अधिवक्ता गिरीश चंद्र सिन्हा पेश हुए। 2 जवाब तलबरू सभी प्रतिवादी 07.07. 2026 तक प्रति शपथपत्र दाखिल करें। 3 तहसीलदार को सख्त निर्देशरू तहसीलदार यह सुनिश्चित करें कि धारा 67 के तहत लंबित कार्यवाही 07.07. 2026 तक विधि अनुसार निर्णीत हो जाए। अगली सुनवाई 7 जुलाई को

खंडपीठ ने याचिका को 07. 07.2026 को सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। यह आदेश गोमती नदी को कब्जा मुक्त कराने और उसके संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

राज्य का पक्षरू शासन की ओर से विद्वान अधिवक्ता अनिल कुमार चौबे, विद्वान अधिवक्ता मयंक सिन्हा, विद्वान अधिवक्ता सौरभ श्रीवास्तव, विद्वान अधिवक्ता दिलीप कुमार पांडेय और विद्वान अधिवक्ता मोहम्मद असलम खान उपस्थित रहे।

फैसले के बाद दीपक शुक्ला तिरंगा महाराज ने न्यायलय न्यायमूर्ति का जताया आभार

माननीय उच्च न्यायालय के फैसले के बाद गोमती नदी संरक्षण को लेकर संघर्ष कर रहे दीपक शुक्ला उर्फ तिरंगा महाराज ने माननीय न्यायालय और न्यायमूर्ति का धन्यवाद करते हुए प्रणाम कहा। तिरंगा महाराज ने कहा, ष्न्यायालय पर हमें पूर्ण रूप से भरोसा था और आज विद्वान अधिवक्ता श्री विनीत कुमार पांडे जी के द्वारा न्यायालय में जो तथ्य रखे गए उसके बाद न्याय की जीत हुई है। अब मां गोमती नदी कब्जा मुक्त होगी जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए बल मिलेगा। नदी हमारी मां है, जीवनदायिनी है। नदी पर किसी भी प्रकार का कब्जा उचित नहीं है।ष तिरंगा महाराज लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्य कर रहे हैं। 2014 से वह नदी बचाने को लेकर हर दर पर मत्था टेक रहे थे और गोमती नदी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। न्यायालय के फैसले से तिरंगा महाराज और क्षेत्र में खुशी की लहर है। तिरंगा महाराज ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की न्यायालय से सीबीआई जांच की भी मांग करेंगे कि किन–किन तत्वों द्वारा नदी पर कब्जा कराया गया। उन पर भी कठोर कार्रवाई हो।

## भोपाल की सड़कों पर उतरे पूर्व सैनिक, मेजर जनरल के नेतृत्व में न्याय की मांग।



एजेंसी।
भोपाल में ट्विशा शर्मा की कथित दहेज हत्या मामले में न्याय की मांग करते हुए वर्दी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने बाइक रैली निकाली, जिसमें पीड़िता के परिवार के प्रति एकजुटता दिखाई गई। इस हाई–प्रोफाइल मामले में मृतका के पति और सेवानिवृत्त जज सास आरोपी हैं, और इसकी जांच एसआईटी द्वारा की जा रही है।सेना के पूर्व मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में वर्दी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने बुधवार को भोपाल में बाइक रैली का आयोजन किया। यह रैली ट्विशा शर्मा की कथित दहेज हत्या मामले में पीड़िता के परिवार के प्रति एकजुटता व्यक्त करने और न्याय की मांग करने के लिए आयोजित की गई थी। सेवानिकृत्त मेजर जनरल श्रीवास्तव ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य मामले के बारे में जागरूकता बढ़ाना और अन्याय का सामना कर रहे लोगों का समर्थन करना था। मेजर जनरल श्याम श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त) ने कहा कि हमारी रैली का कारण स्पष्ट है। हम सभी हाल ही में हुए मामले (ट्विशा शर्मा के कथित दहेज हत्या मामले का जिक्र करते हुए) से अवगत हैं और इसके अलावा, लोग 17 से 36 वर्ष की आयु तक सेना में सेवा करते हैं और जब वे वापस लौटते हैं, तो उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हमारे पास वर्दी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन नामक एक संस्था है, जो उनकी शिकायतों का समाधान करती है। यह रैली पीड़ितों के प्रति एकजुटता और समर्थन दिखाने के लिए आयोजित की गई है, और इस बात पर जोर देती है कि हम किसी भी अन्याय के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे। मामले से संबंधित विभिन्न आरोपों पर बोलते हुए, सेवानिवृत्त मेजर जनरल ने कहा कि अदालत इस मामले की सुनवाई करेगी और इस पर फैसला सुनाएगी। ट्विशा शर्मा मामले में पहले दिन से ही दूसरे पोस्टमार्टम की मांग उठ रही थी, क्योंकि पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कई खामियां थीं। अदालत इस मामले में लगे आरोपों पर फैसला सुनाएगी। ट्विशा शर्मा का परिवार कल हमारे साथ था, लेकिन आज की सुनवाई के कारण वे अभी हमारे साथ नहीं हैं। अगर उन्हें कार्यवाही से समय मिल जाता है तो वे बाद में हमारे साथ शामिल हो सकते हैं। गौरतलब है कि ट्विशा के भाई हर्षित शर्मा भारतीय सेना में मेजर हैं और उन्होंने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए पुलिस की प्रतिक्रिया और मामले में कथित दखल पर सवाल उठाए। हर्षित ने कहा कि हम यहां अदालत के फैसले पर चर्चा करने नहीं आए हैं, बल्कि प्रक्रिया पर सवाल उठाने आए हैं। पुलिस को पहली कॉल हमने की थी, उन्होंने नहीं। उन्होंने दावा किया कि वे जल्दी में थे और ट्विशा को बचाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन जो वीडियो सामने आया है, उसमें साफ दिख रहा है कि गिरबाला सिंह बहुत शांति से घूम रही हैं, सीढ़ियों पर ऊपर–नीचे चल रही हैं जैसे उनके पास दुनिया का सारा समय हो। नोएडा निवासी 33 वर्षीय ट्विशा शर्मा का विवाह दिसंबर 2025 में भोपाल निवासी समर्थ सिंह से हुआ था। 12 मई को उनका निधन हो गया। उनके परिवार ने ससुराल वालों पर मानसिक उत्पीड़न और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है।

## पीएम मोदी और अमित शाह को लेकर राहुल गांधी के बयान पर बोले नितिन नवीन, ये उनकी अराजकतावादी मानसिकता को दिखाता है



एजेंसी।
दिल्ली। राहुल गांधी द्वारा पीएम मोदी को श्गद्दारश कहे जाने पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, इसे उनकी श्अराजकतावादी मानसिकताश और चुनावी हार की हताशा का प्रतीक बताया है। भाजपा ने इस बयान को 140 करोड़ भारतीयों का अपमान बताते हुए कांग्रेस नेता से देश की जनता से माफी मांगने की मांग की है। बुधवार को सत्तारूढ़ भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राहुल गांधी की टिप्पणी पर जमकर हमला बोला और कहा कि कांग्रेस नेता के शब्द उनकी अराजक मानसिकता और चरित्र को दर्शाते हैं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने कहा कि गांधी की टिप्पणी देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है और उन्होंने उनसे माफी मांगने की मांग की। यह घटना तब हुई जब गांधी ने बुधवार को अपने लोकसभा क्षेत्र रायबरेली में एक कार्यक्रम में मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर विभिन्न मुद्दों पर हमला करते हुए उन्हें षद्दारष कहा। गांधी की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए नबीन ने कहा कि उन्होंने जिस तरह का बयान दिया है, वह स्पष्ट रूप से उनकी अराजक मानसिकता और चरित्र को दर्शाता है। यह टिप्पणी चुनावों में अपनी पार्टी की हार से उनकी कुंठा और हताशा को भी दर्शाती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि वे अपना मानसिक संतुलन खो रहे हैं।

## केरला का कैबिनेट सीएम ने अपने पास रखे वित्त-कानून, चेन्निथला बने गृह मंत्री

एजेंसी।

नए मंत्रिमंडल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला को गृह एवं सतर्कता विभाग के साथ–साथ तीन अन्य महत्वपूर्ण विभाग सौंपे गए हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता पी.के. कुन्हालीकुट्टी उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी और वस्त्र सहित सात विभागों का कार्यभार संभालेंगे। केरल कांग्रेस अध्यक्ष सनी जोसेफ को विद्युत एवं पर्यावरण विभाग सौंपा गया है, जबकि वरिष्ठ कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन को स्वास्थ्य एवं देवस्वम मंत्री बनाया गया है। लोक भवन के अनुसार, केरल के मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशान ने बुधवार को अपनी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार में मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया, जिसमें वित्त, कानून, सामान्य प्रशासन और बंदरगाह सहित प्रमुख विभाग बरकरार रखे गए। नए मंत्रिमंडल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला को गृह एवं सतर्कता विभाग के साथ–साथ तीन अन्य महत्वपूर्ण विभाग सौंपे गए हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता पी.के. कुन्हालीकुट्टी उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी और वस्त्र सहित सात विभागों का कार्यभार संभालेंगे। केरल कांग्रेस अध्यक्ष सनी जोसेफ को विद्युत एवं पर्यावरण विभाग सौंपा गया है, जबकि वरिष्ठ कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन को स्वास्थ्य एवं देवस्वम मंत्री बनाया गया है। रोजी एम. जॉन उच्च शिक्षा विभाग संभालेंगे, जबकि एपी अनिल कुमार को भूमि एवं राजस्व विभाग आवंटित किया गया है। वहीं, क्रांतिकारी समाजवादी पार्टी के विधायक शिबू बेबी जॉन को वन एवं वन्यजीव संरक्षण एवं कौशल विकास विभाग सौंपा गया है।

# उत्तर प्रदेश को एआई हब बनाने की तैयारी, 'एआई सिटी' के रूप में विकसित होगा

## लखनऊ। मुख्यमंत्री ने की डाटा सेंटर, प्रोजेक्ट गंगा और गेहूं प्रसंस्करण की समीक्षा

लखनऊ, (आरएनएस )। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को प्रदेश की भविष्य की अर्थव्यवस्था से जुड़े तीन महत्वपूर्ण विषयोंकृउत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर (यूपीडीसीसी), "प्रोजेक्ट गंगा" तथा गेहूं के इन–हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए मंडी शुल्क एवं विकास उपकर में संभावित छूटकृकी उच्च स्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि उत्तर प्रदेश को भविष्य की प्रौद्योगिकी आधारित अर्थव्यवस्था के लिए अभी से तैयार करना होगा।यूपीडीसीसी की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना प्रदेश के एआई मिशन की बुनियादी संरचना तैयार करेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि डाटा सेंटर क्लस्टर केवल एनसीआर क्षेत्र तक सीमित न रहकर प्रदेश के अन्य हिस्सों तक विस्तारित किया जाए। उन्होंने बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र से इसकी शुरुआत की संभावना पर बल देते हुए कहा कि वहां बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध है। साथ ही, टाटा समूह सहित प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों से संवाद स्थापित कर लखनऊ को "एआई सिटी" के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए।बैठक में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश डाटा सेंटर क्लस्टर प्रदेश को भारत और ग्लोबल साउथ का सबसे बड़ा एआई कंप्यूट पावर सेंटर बनाने की दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा सेंटर, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर और उच्च तकनीकी विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाना है। प्रस्तुतीकरण में इसे केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि अगले 50 वर्षों की आर्थिक संरचना का आधार बताया गया। इसके तहत वर्ष 2040 तक 5 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था, 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार और 5 गीगावॉट एआई कंप्यूट कॉरिडोर विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है।बैठक में यह भी बताया गया कि वर्ष 2040 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड सेवाएं, साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, रोबोटिक्स और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी जैसे भविष्य के क्षेत्रों पर आधारित होगा। इन क्षेत्रों का संयुक्त वैश्विक बाजार 29 से 48 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत के लिए एआई सॉफ्टवेयर, क्लाउड सेवाएं, साइबर सुरक्षा, एयरोस्पेस और ईवी क्षेत्र भविष्य के आर्थिक इंजन के रूप में उभरेंगे।उत्तर प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, विशाल भूमि उपलब्धता, बड़ी युवा आबादी, तेजी से विकसित हो रहे आधारभूत ढांचे और मजबूत नेतृत्व को राज्य की प्रमुख ताकत बताया गया। बैठक में कहा गया कि राज्य का इनलैंड लोकेशन समुद्री जोखिमों और चक्रवातों से सुरक्षित है, जबकि एक्सप्रेसवे, हवाई अड्डे, लॉजिस्टिक नेटवर्क और विद्युत ढांचा तेजी से विकसित हो रहा है। आईआईटी कानपुर, एनआईटी प्रयागराज और 50 से अधिक इंजीनियरिंग संस्थानों के कारण प्रदेश में पर्याप्त तकनीकी प्रतिभा उपलब्ध है।बैठक में उत्तर प्रदेश को "एशिया का सबसे सुरक्षित, विस्तार योग्य और परस्पर जुड़ा इनलैंड एआई क्षेत्र" बताया गया। कहा गया कि देश के अधिकांश प्रमुख फाइबर नेटवर्क उत्तर प्रदेश से होकर गुजरते हैं और राज्य सभी समुद्री केबल लैंडिंग पॉइंट्स से जुड़ा हुआ है। राज्य के भीतर कम विलंबता वाली डिजिटल कनेक्टिविटी उपलब्ध होने से वैश्विक तकनीकी कंपनियों के लिए उत्तर प्रदेश कम लागत और बेहतर विस्तार क्षमता वाला एआई इंफ्रास्ट्रक्चर केंद्र बन सकता है।मुख्यमंत्री ने "प्रोजेक्ट गंगा" यानी गवर्नेंट असिस्टेड नेटवर्क फॉर ग्रोथ एंड एडवांसमेंट की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि चयनित युवाओं को डिजिटल उद्यमी के रूप में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण कार्य करने वाली कंपनियों को भी इन प्रशिक्षित युवाओं की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क के विस्तार और कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल दिया।बैठक में बताया गया कि प्रोजेक्ट गंगा ग्रामीण उत्तर प्रदेश में हाई–स्पीड ब्रॉडबैंड पहुंचाने की महत्वाकांक्षी पहल है। इसका उद्देश्य केवल इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि टेलीमेडिसिन, डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास, ई–गवर्नेंस, डिजिटल रोजगार और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देना है। परियोजना के तहत 10 हजार से अधिक युवाओं को डिजिटल सर्विस प्रोवाइडर (डीएसपी) के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे लगभग 50 हजार प्रत्यक्ष और एक लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है।योजना के अंतर्गत 20 लाख से अधिक घरों को फाइबर आधारित हाई–स्पीड इंटरनेट से जोड़ने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रत्येक डिजिटल सेवा प्रदाता अपने क्षेत्र में 200 से 300 घरों को जोड़ सकेगा। महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से लगभग 50 प्रतिशत महिला उद्यमियों को शामिल करने की योजना बनाई गई है।बैठक में कहा गया कि केवल मोबाइल इंटरनेट के माध्यम से सीमित सेवाएं संभव हैं, जबकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कृषि, ड्रोन निगरानी, स्मार्ट गांव, वर्चुअल लैब, टेलीमेडिसिन और क्लाउड कंप्यूटिंग जैसी सेवाओं के लिए हाई–स्पीड ब्रॉडबैंड आवश्यक है। परियोजना के तहत प्रत्येक डिजिटल सेवा प्रदाता को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। फिलहाल इसे 21 प्राथमिक जिलों में प्रायोगिक रूप से लागू करने की तैयारी चल रही है।मुख्यमंत्री ने गेहूं के इन–हाउस प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की रणनीति की समीक्षा करते हुए मंडी टैक्स और मंडी शुल्क व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता बताई। उन्होंने मंडियों को आधुनिक, स्वच्छ और आकर्षक बनाने के निर्देश दिए। साफ–सफाई, रंगाई–पुताई, पर्वों के दौरान प्रकाश व्यवस्था, अतिक्रमण हटाने और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।मुख्यमंत्री ने अल नीनो के संभावित प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि आगामी वर्षों में फसलों पर इसका असर पड़ सकता है, इसलिए प्रदेश को खाद्यान्न सुरक्षा के लिए अभी से तैयार रहना होगा। उन्होंने मजबूत खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है। वर्ष 2025–26 में प्रदेश में 372 लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादन का अनुमान है, जबकि कुल उपलब्धता 407 लाख मीट्रिक टन तक पहुंचती है। लगभग 2.88 करोड़ किसान गेहूं उत्पादन से जुड़े हैं, लेकिन सीमित प्रसंस्करण क्षमता के कारण बड़ी मात्रा में गेहूं कच्चे रूप में दूसरे राज्यों में चला जाता है, जिससे मूल्य संवर्धन, कर राजस्व और रोजगार के अवसर प्रदेश से बाहर चले जाते हैं।

# स्वरूपरानी अस्पताल में वकीलों और डाक्टरों में मारपीट

प्रयागराज(आरएनएस )। स्वरूपरानी अस्पताल में बुधवार सुबह लगभग 6 बजें डॉक्टरों और वकीलों के बीच जमकर हंगामा हो गया। एक घायल महिला अधिवक्ता को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। इसी दौरान इलाज को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते धक्का–मुक्की और मारपीट में बदल गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा– तफरी और तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया।

महिला अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि अस्पताल परिसर में उनके साथ अभद्रता की गई। उनका कहना है कि उन्हें बाल पकड़कर घसीटा गया और पीटा गया। वहीं अस्पताल प्रशासन की ओर से देर शाम तक इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था।हंगामे के बाद सुबह 6 बजे से अस्पताल की सुविधाएं बंद हैं। दवा वितरण केंद्र बंद कर दिया गया है। मरीज और तीमारदार इधर–उधर भटक रहे हैं। थाना शाहगंज, कोतवाली, सिविल लाइन्स, खुलदाबाद, जॉर्ज टाउन की पुलिस फोर्स मौके पर तैनात है।

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष विशाल पांडे ने बताया कि इलाहाबाद हाई कोर्ट में महिला अधिवक्ताओं का एक टूर्नामेंट आयोजित किया गया है, जिसकी प्रैक्टिस पिछले सप्ताह से चल रही है। शहर के अलग–अलग इलाकों से महिला अधिवक्ता और छात्राएं सुबह प्रैक्टिस के लिए आती हैं। उन्होंने बताया कि झूंसी निवासी जागृति शुक्ला सोमवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे प्रैक्टिस के लिए आ रही थीं। इसी दौरान रास्ते में उनका एक्सीडेंट हो गया। हादसे के बाद उन्होंने अपने साथियों को फोन किया। कुछ लड़कियां और साथी अधिवक्ता उन्हें इलाज के लिए स्वरूपरानी अस्पताल लेकर पहुंचे।विशाल पांडे का आरोप है कि उस समय अस्पताल में डॉक्टर सो रहे थे और केवल एक–दो स्टाफ मौजूद थे। घायल की हालत गंभीर होने और फ्रैक्चर की आशंका के चलते साथी लगातार डॉक्टर को बुलाने की बात कह रहे थे। इसी बात पर विवाद शुरू हो गया।

उन्होंने आरोप लगाया कि डॉक्टर और स्टाफ गाली–गलौज पर उतर आए और फिर मारपीट शुरू कर दी। उनके मुताबिक घायल युवती के साथ आई लड़कियों, परिजनों और बीच–बचाव करने पहुंचे लोगों को भी पीटा गया। यहां तक कि चौकी इंचार्ज के साथ भी हाथापाई हुई। घायल युवती के भाई अभिषेक शुक्ला ने बताया कि उनकी बहन जागृति शुक्ला का सुबह करीब साढ़े पांच बजे एक्सीडेंट हुआ था। स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस बुलाकर उन्हें अस्पताल पहुंचाया। अभिषेक के मुताबिक जब वह बहन को लेकर अंदर गए तो एक डॉक्टर चिल्लाने लगा। आरोप है कि डॉक्टर ने उनका मोबाइल छीनकर दीवार पर पटक दिया और थप्पड़–मुक्कों से मारपीट की। उनका कहना है कि काफी देर तक घायल का इलाज नहीं किया गया, जिसके बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के बाद अस्पताल परिसर में काफी देर तक तनाव बना रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को शांत कराया।

डीसीपी सिटी मनीष शांडिल्य ने बताया सुबह 6रू30 बजे एसआरएन में एक महिला लगातार पेशेंट के तौर पर अपना इलाज कराने के लिए आई थी। वहां पर इलाज कराने को लेकर कुछ डॉक्टरों और पेशेंट के बीच आपस में वाद–विवाद हुआ। इसके चलते दोनों पक्षों में आपस में वाद–विवाद और मारपीट भी हुई है।

# लॉज में छात्राओं से मारपीट, बाल पकड़कर पीटा

## लॉज मालिक का बेटा गिरफ्तार, विरोध पर हमला किया

प्रयागराज(आरएनएस )। शिवकुटी थाना क्षेत्र के एक लॉज में दो छात्राओं को बाल पकड़कर पीटा गया। पीटने वाला लॉज मालिक का बेटा है। छात्राएं लॉज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं। छात्राओं का आरोप है कि लॉज मालिक का बेटा गंदी नीयत से कॉल–मैसेज कर परेशान करता है। 18 मई की आधी रात उसने कमरे में घुसने की कोशिश की। मना करने पर उसे और पास में रहने वाली एक अन्य छात्रा को बेरहमी से पीटा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, आरोपी को कोर्ट से जमानत मिल गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राप्त जानकारी के अनुसार अमेठी की रहने वाली एक छात्रा ने शिवकुटी पुलिस को बताया कि मैं शिवकुटी के शंकर घाट में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करती हूं। जिस लॉज में रहती हूं, शुभम द्विवेदी उसके मालिक का बेटा है। इस लॉज में कई अन्य छात्राएं भी रहती हैं। मैंने दो महीने पहले ही यहां कमरा किराए पर लिया था। छात्रा ने बताया कि पिछले दिनों मैंने एसएससी जूनियर असिस्टेंट परीक्षा पास की है। शुभम पिछले 10 दिनों से लगातार गंदी नीयत से मुझे फोन कर रहा था। लगातार मैसेज करता है और मेरे कमरे में आने की कोशिश करता है। मेरा डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन होना है। इसलिए मजबूरी में यहां रुकी थी। बीतीं 18 मई की रात भी शुभम मुझे लगातार कॉल–मैसेज करता रहा। कॉल रिसीव नहीं करने पर वह रात 2 बजे आकर मेरे कमरे का दरवाजा पीटने लगा। वह शराब के नशे में था। दरवाजा नहीं खोलने पर उसने कमरा बाहर से बंद कर दिया। डरकर मैंने अपने बगल में रहने वाली छात्रा को फोन से कमरे में बुलाया। वह अपनी बहन के साथ रहती है। वह मेरे कमरे में आई, तो शुभम ने लगातार 14 बार उसकी बहन को फोन किया। फिर उसके कमरे का दरवाजा भी बाहर से बंद कर दिया। कोई रास्ता न देख हम लोग चीखने–चिल्लाने लगे तो शुभम की मां भी आ गई। इसके बाद शुभम ने दरवाजा खोला। फिर हम दोनों के साथ गाली–गलौज और मारपीट करने लगा। विरोध करने पर वह किचन से चाकू ले आया और बगल में रहने वाली दोनों बहनों पर हमला कर दिया। इससे दोनों बहनों को भी चोट लग गई।

छात्रा ने बताया कि इसके बाद मैंने फोन करने पर पड़ोस में रहने वाले अपने चचेरे भाई को बुलाया। तब उसने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुलाया। पुलिसकर्मियों के सामने भी शुभम ने मुझ पर टूटे हुए ग्लास से हमला किया। साथ ही जान से मारने और गायब करवाने की धमकी दी।

# बांग्लादेशी नागरिक फर्जी दस्तावेजों के सहारे लखनऊमें चला रहा था क्लीनिक, बीकेटी पुलिस ने किया गिरफ्तार

लखनऊ(आरएनएस ) कमिश्नरेट की बीकेटी पुलिस ने अवैध रूप से भारत में रह रहे एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है, जो कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के सहारे भारतीय नागरिक बनकर रह रहा था और क्षेत्र में क्लीनिकनुमा दुकान संचालित कर लोगों का उपचार भी कर रहा था। पुलिस के अनुसार, आरोपित ने कूटरचित अभिलेखों के माध्यम से मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और भारतीय पासपोर्ट तक हासिल कर लिया था।पुलिस के अनुसार, मामले का खुलासा 16 मई 2026 को उस समय हुआ जब थाना बीकेटी में तैनात उपनिरीक्षक योगेन्द्र कुमार ने सूचना दी कि एक व्यक्ति, जिसकी पहचान अरूप बख्शी पुत्र खोकेन बख्शी के रूप में हुई, मूल रूप से बांग्लादेश का निवासी है और भारत में अवैध रूप से निवास कर रहा है। आरोप है कि उसने फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर खुद को भारतीय नागरिक दर्शाया और सरकारी पहचान पत्र बनवा लिए।सूचना के आधार पर थाना बीकेटी में मुकदमा अपराध संख्या 183/2026 के तहत धारा 419, 420, 467, 468, 471 भारतीय दंड संहिता तथा विदेशियों विषयक अधिनियम 1946 की धारा 14(ग) में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपित बीकेटी क्षेत्र में एक छोटी क्लीनिक अथवा दुकान संचालित कर लोगों को दवा और उपचार उपलब्ध करा रहा था। वह स्वयं को भारतीय नागरिक बताकर क्षेत्र में रह रहा था और कथित रूप से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पहचान से जुड़े दस्तावेज प्राप्त कर चुका था।पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना और साक्ष्यों के आधार पर 20 मई 2026 को तड़के करीब 2रू10 बजे किसान पथ स्थित विपश्यना ध्यान केंद्र फ्लाईओवर के नीचे से आरोपित को हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपित ने भारत में अवैध रूप से रहने और फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पहचान पत्र बनवाने की बात स्वीकार की। पुलिस के मुताबिक, उसने बीकेटी क्षेत्र में क्लीनिकनुमा दुकान चलाकर लोगों को दवा देने की बात भी स्वीकार की है।गिरफ्तार आरोपित की पहचान अरूप बख्शी पुत्र खोकेन बख्शी, उम्र करीब 37 वर्ष, मूल निवासी देवभोग जिला नरैल, बांग्लादेश के रूप में हुई है। वर्तमान में वह मूसानगर अस्ति रोड, थाना बक्शी का तालाब क्षेत्र में रह रहा था। पुलिस के अनुसार, वह खुद को चिकित्सक बताता था।गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपित के पास से एक आधार कार्ड, 300 रुपये नकद और ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया है।

# बेअसर रहा दवा की दुकानों की बंदी का आवाहन

## फुटकर दवा की अधिकांश दुकानें खुली रहीं

प्रयागराज(आरएनएस )। प्रयाग केमिस्ट एसोसिएशन की अपील पर प्रयागराज की अधिकांश दवा की दुकानें खुली रहीं। एकं दूसरे संगठन द्वारा प्रस्तावित बंदी का मानवता विरुद्ध एवं जनहित में समर्थन नहीं किया। प्रयाग केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मेडिकल अस्पताल के सामने स्थित देव एंड संस में बैठक की आवश्यक बैठक की।व्यापारियों ने प्रत्येक दुकानदार को अपनी दुकान खोलने का अनुरोध किया, जिसके कारण पूरा बाजार पूरी तरह से खुला रहा और मरीजों की निरंतर सेवा होती रही। प्रयाग केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष लालू मित्तल के अनुसार तथाकथित संगठन द्वारा प्रत्येक दुकानों पर बंदी का पोस्टर लगाकर दुकानें बंद करने के लिए लगातार दबाव बनाया। जब व्यापारियों ने बंदी करने से मना कर दिया, तो यह दर्शाया गया कि मेडिकल कॉलेज को बंदी से अलग रखा गया था। प्रयाग केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष लालू मित्तल ने व्यापारी साथियों के साथ मिलकर बाजार का भ्रमण करते हुए सभी दुकानों पर जाकर दुकान खुला रखने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि दवा का व्यापार केवल व्यापार ही नहीं है, यह एक सेवा भाव है।हमारे जनपद में अनेक प्रदेशों और जिलों से दूर दराज से मरीज आते हैं और इस विकट गर्मी में यदि उनको दवा न मिले तो यह मानवता को शर्मसार करने वाला एवं मरीजों के साथ अन्याय होता। औषधि प्रशासन ने भी पत्र जारी करके सभी दवा व्यवसायियों को अपने प्रतिष्ठान खुले रखने के लिए कहा और किसी भी प्रकार की जबरदस्ती न बंदी के लिए आगाह किया। फिर भी, कहीं कहीं पर अनावश्यक दबाव बनाया गया। जनपद में अनेक मुख्य अस्पतालों और बाजारों, मैं फुटकर दवा की दुकानें रोजमर्रा की तरह खुली रही, कहीं कहीं पर बंदी भी देखी गई।

कमला नेहरू अस्पताल, फीनिक्स अस्पताल, बाई का बाग, करेली, अतरसुइया, गौस नगर, मीरापुर, नैनी, झूंसी बेगम बाजार, मनोरी, फाफामऊ, कुंडा, लाल गोपालगंज ,भरवारी आदि अनेक जगहों पर बंदी का कोई असर देखने को नहीं मिला।

बैठक में बंदी को समर्थन न देने के लिए व्यापारियों के प्रति आभार प्रकट किया गया।

# 22 भर्तियों में आरक्षण घोटाले का आरोप, अखिलेश यादव ने जारी की 'समाजवादी आडिट रिपोर्ट'

लखनऊ(आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने भाजपा सरकार पर भर्तियों में आरक्षण की लूट और घोटाले का आरोप लगाते हुए "समाजवादी ऑडिट रिपोर्ट" जारी की। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी भाजपा सरकार के पक्षपात और आरक्षण में कथित लूट के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।बुधवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी ऑडिट रिपोर्ट में 69 हजार शिक्षक भर्ती, वन एवं वन्य जीव रक्षक भर्ती, बांदा कृषि विश्वविद्यालय भर्ती, एडेड जूनियर हाईस्कूल मास्टरध हेडमास्टर भर्ती, ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती, नेत्र परीक्षण अधिकारी भर्ती, यूपीएसएसएससी आशुलिपिक भर्ती, लखीमपुर को–ऑपरेटिव भर्ती, पशु चिकित्सक भर्ती, लेखपाल भर्ती, स्वास्थ्य–शिक्षा अधिकारी भर्ती, चिकित्सा अधिकारी आयुर्वेद भर्ती और कृषि प्राविधिक सहायक भर्ती सहित 22 भर्तियों में कथित आरक्षण घोटाले का विवरण प्रस्तुत किया गया है।अखिलेश यादव ने कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी न्याय के लिए विभिन्न स्तरों पर गए, लेकिन भाजपा सरकार में उन्हें न्याय नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक रूप से 27 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए था, जबकि भर्ती में उन्हें केवल 3.86 प्रतिशत आरक्षण दिया गया, जिससे 23.14 प्रतिशत आरक्षण की "लूट" हुई। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग को 21 प्रतिशत आरक्षण के स्थान पर केवल 16.21 प्रतिशत आरक्षण मिला, जिससे 4.8 प्रतिशत की कमी रही।उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी शिक्षक भर्ती में 20 हजार सीटों के घोटाले को स्वीकार किया था। साथ ही आरोप लगाया कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश सरकार ने शिक्षक भर्ती में आरक्षण संबंधी गड़बड़ी को स्वीकार करते हुए 6800 पदों की अतिरिक्त चयन सूची जारी की थी। अखिलेश यादव ने कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के 1133 पद खाली छोड़ दिए गए, जिससे कुल 7933 पदों में अनियमितता सामने आती है।सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार को जहां अवसर मिला, वहां पदों की लूट की गई। उन्होंने विश्वविद्यालयों की भर्तियों में "नॉट फॉर सूटेबल" (एनएफएस) लागू कर आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को बाहर करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आरक्षण की लूट के साथ–साथ आंकड़े छिपाने वाली सरकार है।

# अधिवक्ता कल्याण स्टांप की कमी: इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति ने दी अनिवार्यता से छूट

प्रयागराज(आरएनएस )। इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने अधिवक्ता कल्याण स्टांप की कमी को देखते हुए बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने अधिवक्ता कल्याण स्टांप की उपलब्धता सुनिश्चित होने तक इसकी अनिवार्यता से छूट दी है। यह जानकारी महानिबंधक द्वारा जारी अधिसूचना में दी गई है।

स्टांप वेंडर्स के अनुसार पिछले दो सप्ताह से ट्रेजरी से अधिवक्ता कल्याण स्टांप नहीं मिल रहा है। इस वजह से पिछले सप्ताह से हाई कोर्ट में स्टांप बिक्री बंद है। नियमानुसार इस स्टांप के बगैर वकालतनामा या पर्चा दाखिल नहीं हो सकता।

स्टांप की कमी के कारण अधिवक्ताओं को कैविएट, वकालतनामा दाखिल करने के लिए ब्लैक में इसे लेना पड़ रहा था। वकीलों ने महानिबंधक कार्यालय में इसकी शिकायत की थी। एकाउंट निबंधक और एडीएम वित्त सहित प्रमुख सचिव (विधि) से बात करने और स्टांप की उपलब्धता अनिश्चित होने के कारण मुख्य न्यायमूर्ति ने यह कदम उठाया है।

बार कौंसिल के प्रयास से अधिवक्ता कल्याण कोष की स्थापना राज्य सरकार ने की है। इस कोष से अधिवक्ताओं को एक निश्चित अवधि के बाद डेढ़ लाख रुपये के फंड देने की व्यवस्था की गई है। फंड इकट्ठा करने के लिए 10 रुपये का कूपन यानी स्टांप जारी किया गया है। यह हर वर्ष राज्य सरकार द्वारा जारी किया जाता है।इसी फंड से अधिवक्ताओं की अचानक मौत होने पर पांच लाख रुपये की सहायता उसके परिवार को दी जाती है। साथ ही नए वकीलों को पांच साल तक पांच हजार रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा भी की गई है। स्टांप की बिक्री रुकने से अधिवक्ता कल्याण कोष की राशि में कमी आएगी। यह पहली बार हुआ है कि राज्य सरकार अधिवक्ता कल्याण स्टांप छापने में विफल रही है और मुख्य न्यायमूर्ति को इसकी अनिवार्यता से छूट देनी पड़ी है।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर

लखनऊ,(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन सोहिल अख्तर अंसारी की अध्यक्षता में बुधवार को विभाग के प्रदेश पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा प्रदेश और देश से जुड़े जनहित के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को अधिक सक्रिय बनाते हुए जनसरोकारों से जोड़ने का संकल्प लिया।बैठक में प्रदेश प्रभारी रूबी खान तथा प्रदेश सह प्रभारी महमूद खान की उपस्थिति रही। बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष (संगठन प्रभारी) शाहनवाज खान ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश चेयरमैन सोहिल अख्तर अंसारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से सर्वधर्म समभाव, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि गांव–गांव और वार्ड स्तर तक पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को उठाया जाए तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाया जाए।प्रदेश प्रभारी रूबी खान ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज के अधिकार, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी लगातार संघर्ष करती रही है और आगे भी मजबूती के साथ जनता की आवाज उठाती रहेगी।

# खेलगांव पब्लिक स्कूल और शार्प क्लब को मिली जीत

प्रयागराज।(आरएनएस ) खेलगांव पब्लिक स्कूल और शार्प क्लब ने अपने–अपने मुकाबले जीतकर सेंट पीटर्स कप कलर ड्रेस वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए। खेलगांव पब्लिक स्कूल के जयेश केसरवानी (100 रन नाबाद, 115 गेंद, नौ चौके, दो छक्के), हर्षित जी सहाय (82 रन, 70 गेंद, आठ चौके, तीन छक्के एवं 7–0–32–5) और शार्प क्लब के आयुष यादव (81 रन, 67 गेंद, सात चौके, पांच छक्के), ओमित यादव (40 रन एवं 8–2–19–4) और अनुपम कुमार (67 रन एवं 7–1–33–3) ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।खेलगांव पब्लिक स्कूल ने बुधवार को अपने मैदान पर 45 ओवर में 6 विकेट पर 266 रन (जयेश केसरवानी 100 नाबाद, हर्षित जी सहाय 82, शिवम यादव 2/33, ईशान 2/65) बनाए। जवाब में लूकरगंज क्लब की टीम 43.3 ओवर में 203 रन (कार्तिकेय श्रीवास्तव 86 नाबाद, अभिषेक अग्रहरी 51, हर्षित जी सहाय 5/32, अथर्व तिवारी 2/35) पर सिमट गई।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गोतस्कर घायल होकर गिरफ्तार

सुलतानपुर(आरएनएस )। थाना जयसिंहपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी गोतस्कर विनोद यादव पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।



घायल आरोपी को इलाज के लिए 100 बेड अस्पताल बीरसिंहपुर में भर्ती कराया गया है।पुलिस के अनुसार, 19़20 मई की रात करीब 1रू15 बजे जयसिंहपुर पुलिस अंबेडकरनगर से सेमरी रोड पर हालापुर के पास बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक ट्रक तेज रफ्तार में आया और पुलिस के रोकने के बावजूद बैरियर तोड़ते हुए आगे निकल गया। पुलिस टीम ने ट्रक का पीछा किया। कुछ दूरी पर पहुंचने पर ट्रक में सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश घायल हो गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विनोद यादव पुत्र राजनारायण यादव निवासी ग्राम ख्वाजापुर, थाना खुटहन, जनपद जौनपुर बताया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ कुल पांच मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें तीन मुकदमे गोकशी से संबंधित हैं। वह गैंगस्टर एक्ट में भी वांछित चल रहा था और उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक, कुछ दिन पहले थाना जयसिंहपुर क्षेत्र में हुई गोकशी की घटना में भी उसकी संलिप्तता सामने आई थी। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह ट्रक का इस्तेमाल गोकशी की घटनाओं में करता था। उसके कब्जे से एक तमंचा .315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। फिलहाल आरोपी का इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था सामान्य है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# दवा व्यापारियों का प्रदर्शन, आनलाइन दवाओं की बिक्री पर उठाए सवाल

सुल्तानपुर(आरएनएस )। बुधवार को दवा व्यापारियों ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर हो रही दवाओं की अनियंत्रित बिक्री और नकली दवाओं के बढ़ते खतरे के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और अपनी विभिन्न मांगों को सामने रखा।

दवा व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि उनका विरोध जनता या मरीजों के खिलाफ नहीं है। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी मेडिकल स्टोर खुले रखे गए हैं और दुकानदार काम करते हुए ही अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना पर्याप्त निगरानी के दवाएं बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन प्लेटफॉर्म्स पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की मौजूदगी और दवाओं की गुणवत्ता का सही सत्यापन नहीं किया जा रहा है, जिससे लोगों की सेहत पर खतरा बढ़ सकता है। संघ ने मांग की कि ऑनलाइन दवा बेचने वाले हर प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनिवार्य तैनाती हो और उसका कड़ाई से सत्यापन कराया जाए। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से बिक रही नशीली और प्रतिबंधित दवाओं पर तुरंत रोक लगाने की भी अपील की गई। व्यापारियों ने डार्क वेबसाइट्स और फर्जी ऑनलाइन पोर्टलों के जरिए बाजार में पहुंच रही नकली दवाओं पर भी चिंता जताई। उनका कहना है कि भारी छूट का लालच देकर कई अवैध प्लेटफॉर्म सक्रिय हैं, जो बिना किसी पंजीकरण के दवाओं की बिक्री कर रहे हैं। ऐसे में सरकार को समय–समय पर दवाओं की सैंपलिंग और जांच करानी चाहिए।

भविष्य की रणनीति पर व्यापारियों ने कहा कि फिलहाल वे जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं देना चाहते, इसलिए दुकानें खुली रहेंगी।

# अर्पित बाक्सिंग चैंपियनशिप खेलने जुलाई में जाएगे बैंकाक

सुल्तानपुर(आरएनएस )। एमजीएस का बॉक्सर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने जाएगा थाईलैंड। बताते चले एमजीएस इंटर कॉलेज के कक्षा 10 का छात्र बॉक्सर अर्पित निषाद एशियन आर्म बाक्सिंग चौंपियनशिप 2026 में प्रतिभाग करने जुलाई में बैंकाक (थाईलैंड) जाएंगे। अर्पित ने यह उपलब्धि पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम, सुलतानपुर में हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 51 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीत कर हसिल किया था। अर्पित अपने विद्यालय में खेल अध्यापक राजेश कन्नौजिया और कोच शुभम धुरिया की देखरेख में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिसके उपलक्ष्य में आज अर्पित निषाद को विद्यालय प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह और उप प्रधानाचार्य विचित्र वीर सिंह ने सम्मानित किया।विद्यालय के अध्यक्ष संजय सिंह, प्रबंधक डॉ विनोद कुमार सिंह ने खुशी जताते हुए कहा कि अर्पित की यह उपलब्धि सिर्फ जनपद के लिए ही गौरव की बात नहीं है बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गौरव और हर्ष की बात है। अर्पित के स्वागत के समय राजेश कुमार कनौजिया, दिलीप सिंह, राकेश सिंह, दीपक सिंह, श्याम लाल निषाद, वैभव सिंह, अजय, धर्मेंद्र पांडे, राम प्रकाश, अशोक कुमार सिंह, रत्नाकर, अम्बरीष, सुमित, अंजनी, किरन, मधुलिका, प्रज्ञा, अंजली आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

# झोलाछाप के चंगुल में जिंदगीरु मुन्ना पाली क्लिनिक में बिगड़ी महिला की हालत, अस्पताल सील

कुशीनगर, (आरएनएस)। जनपद के पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के खिरकिया में इलाज के नाम पर चल रहे एक कथित अस्पताल की करतूत ने फिर स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। मुन्ना पाली क्लिनिक नाम से संचालित अस्पताल में कथित झोलाछाप डॉक्टरों के हाथों इलाज कराने के बाद एक महिला जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। मामले की शिकायत पहुंची तो प्रशासनिक अमला हरकत में आया, लेकिन जांच के दौरान जो नजारा सामने आया उसने सबको चौंका दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तहसीलदार और स्वास्थ्य विभाग की टीम जब क्लिनिक पर पहुंची तो वहां न तो मानक मिले, न प्रशिक्षित चिकित्सक और न ही इलाज की वैध व्यवस्था। आरोप है कि अस्पताल संचालक तबरेज आलम जांच को प्रभावित करने के लिए अधिकारियों पर दबाव बनाने,बहानेबाजी करने और कार्रवाई रोकने के तमाम हथकंडे अपनाता रहा, लेकिन तहसीलदार की सख्ती के आगे उसकी एक नहीं चली। आखिरकार प्रशासन ने क्लिनिक को सील कर दिया। जानकारी के मुताबिक बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र के खोतहवा गांव निवासी अर्जुन शाह अपनी पत्नी सीमा देवी का प्रसव करीब पखवाड़े पहले बिहार में कराए था। प्रसव के बाद महिला को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। इसी दौरान बिहार की आशा किरन देवी परिजन को बेहतर इलाज का भरोसा दिलाकर खिरकिया स्थित मुन्ना पाली क्लिनिक लेकर पहुंची।आरोप है कि वहां मौजूद कथित झोलाछाप डॉक्टर ने पीडिता सीमा देवी के अत्यधिक हो रहे रक्तस्राव के इलाज के नाम पर गर्भाशय के साथ छेडछाड किया। इसके बाद महिला की हालत लगातार बिगड़ती चली गई।पीड़ित परिवार का आरोप है कि अस्पताल संचालकों ने न तो खतरे की गंभीरता बताई और न ही समय रहते किसी बड़े अस्पताल में रेफर किया। गलत इलाज और लापरवाही के कारण महिला की हालत नाजुक हो गई। मामला प्रशासन तक जब पहुंचा तो तहसीलदार अभिषेक मिश्रा और एमवाईसी डॉ धीरज सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान अस्पताल में कई गंभीर खामियां मिलीं। जांच मे पाया गया कि मुन्ना पाली क्लिनिक का रजिस्ट्रेशन आयुर्वेद पद्धति से है। सूत्रों के अनुसार अस्पताल संचालन से जुड़े जरूरी दस्तावेज भी संतोषजनक नहीं मिले। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर बिना मानक और बिना विशेषज्ञ डॉक्टरों के ऐसे अस्पताल किसके संरक्षण में फल–फूल रहे हैं? स्थानीय लोगो का कहना है कि ग्रामीण और गरीब परिवार इलाज के नाम पर इन कथित अस्पतालों के जाल में फंसकर अपनी जान गंवाने के लिए विवश हैं।

# लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

कुशीनगर, 20 मई (आरएनएस)। जनपद के सेवरही पुलिस ने लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए लूट की 2280 रुपये, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल एवं मोबाइल फोन आदि अन्य सामान के साथ 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी मीडिया सेल से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सेवरही पुलिस ने मुकामी थाना क्षेत्र हुई लूट की घटना का स्थानीय थाना पर पंजीकृत मु0अ0सं0–115़2026 धारा 352, 351(3), 309(4), 61(2), 317(2), 3(5) बीएनएस से संबंधित घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के समय उनके कब्जे से लूट की धन राशि में से 2280 रुपये, घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल एवं एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन आदि बरामद किया गया। पुलिसिया पूछताछ में गिरफ्तार तीनों अभियुक्त एक ही गांव दवनहा के रहने वाले हैं तथा आपस में मिलकर मनबढ़ किस्म की गतिविधियां करते थे। थाना सेवरही क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आने –जाने वाले राहगीरों को मारपीट, गाली–गलौज एवं जान से मारने की धमकी देकर लूटपाट करते थे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किसान दिवस आए कृषकों की सुनी समस्याएं



मीरजापुर 20 मई 2026– विकास भवन, पथरहिया, मीरजापुर आडिटोरियम में किसान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें जनपद के विकास खण्डों से आये हुए कृषकों के साथ–साथ कृषि, पशुपालन, उद्यान, सहकारिता, विद्युत, सिंचाई सहित कृषि एवं कृषि से सम्बन्धित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

उप कृषि निदेशक विकेश कुमार द्वारा किसान दिवस से सम्बन्धित पिछली कार्यवाही को पढ़कर सुनाया गया तथा उपस्थित किसानों की समस्याओं के समाधान के बारे में भी बताया गया।

भारतीय किसान संघ उ0प्र0 के जिला महामंत्री श्री योगेन्द्र यादव ने बताया कि ग्राम– बजहा, वि0ख0– मझवां, में श्रीमती सीमा, रामलाल, प्रभावती, इन्द्रजीत व गुरूचरन इत्यादि लोगों का आंधी तूफान से टिनशेड व मड़ई व बाजरा गिर गया है। कृपया लेखपाल से जांच कराकर मुआवजा देने हेतु कहा गया। साथ ही बताया गया कि आंगनबाड़ी बजहा में आंगनबाड़ी व कोटेदार द्वारा समय पर पोषाहार इत्यादि नहीं किया जाता है कहने पर कहा जाता है कि आम लोगों को जहां जाना हो जाओ शिकायत करों हम लोग कमीशन देते है। जांच करने की कृपा करें। अवगत कराया गया कि श्रीमती कबूतरी देवी पत्नी स्व0 कन्हई यादव निवासी बजहा, कछवा मीरजापुर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित के तहत गैस कनेक्शन च्ळै–7562 पद्म श्री गैस सर्विस इण्डेन डिस्ट्रिब्यूटरस गनेशगंज, मीरजापुर द्वारा मिला है। उक्त कनेक्शन को बरैनी, कछवा में कराना चाहती है परन्तु उक्त कम्पनी द्वारा बार–बार कहने पर भी ट्रान्सफर नहीं किया जा रहा है। प्रार्थी के क्षेत्र में शादी–विवाह व वृद्धापेंशन हेतु आवेदन करना चाहते है लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल प्रवीण कुमार ग्राम– मितई द्वारा रिपोर्ट लगाने में हिला–हवाली व पैसे की मांग कर रहे है। और इस क्षेत्र में लगभग 5 वर्ष से कार्यरत है।

श्रीमती लालती देवी द्वारा अवगत कराया गया कि उनके पास 3 बीघा 18 बिस्वा जमीन है लेकिन जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा प्रार्थी के पास अधिक भूमि दिखाकर निरस्त कर दिया गया है। निवेदन है कि प्रार्थिनी के अभिलेख की जांच कराते हुए राशन कार्ड पात्र कर जारी कराया जाए।

श्री त्रिवेणी प्रसाद पाण्डेय, नुआंव, मीरजापुर द्वारा अवगत कराया गया कि नुआंव से जोगिया बारी सड़क काफी ध्वस्त है उसे बनवाने की कृपा करें, अर्जुनपुर से राजपुर नहर की पटरी भी काफी ध्वस्त है उसे बनवाने की कृपा करें।

श्री राम किसुन गिरी, जगरनाथपुर, नरायनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि अपनी पुत्री साधना गिरी कि शादी हेतु आन लाइन आवेदन दिनांक 11.03.2026 मुख्यमंत्री सामूहिक योजना तहत कर दिया गया है अभी तक सामूहिक योजना में सम्मिलित नहीं किया गया है।

श्री भोला गिरी, जगरनाथपुर, नरायनपुर द्वारा अवगत कराया गया कि वृद्धा पेंशन का प्रमाण पत्र समाज कल्याण विभाग के रिषु पटेल को दिया गया उसके बाद भी समाज कल्याण विभागधजिलाधिकारी की देख–रेख में दिया गया है। समाज कल्याण द्वारा वृद्धावस्था पेंशन बनाया जाना आवश्यक है। साथ ही अवगत कराया गया कि नरायनपुर में जो रोड इमिलियाचट्टी जाती है 8 किमी0 पर बंगला बाजार पड़ता है बाजार में न तो नाली बना है न ही ब्रेकर बनवाया गया है जबकि इण्टर कालेज एवं पी0एम0 श्री कम्पोजिट विद्यालय बंगला देवरिया मे ही स्थित है।

श्रीमती चम्पा देवी, जगरनाथपुर, नरायनपुर द्वारा बताया गया कि मेरी उम्र 65 वर्ष होने के बाद भी अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। मेरा आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए।

श्री सीताराम सिंह, अहरौरा चुनार द्वारा अवगत कराया गया कि इण्डियन बैंक शाखा अहरौरा में केसीसी बनवाया गया है। कई वर्षो से केसीसी का संचालन किया जा रहा है। प्रार्थी द्वारा हर साल जो व्याज आता है जमा किया जाता है प्रार्थी द्वारा जब 2023–24 में जब ब्याज जमा करने गया तो ब्याज ज्यादा लगाया गया था। इण्डियन बैंक शाखा अहरौरा में पूछने पर उनके द्वारा नहीं बताया जाता। उनके द्वारा कहा जाता है कि ब्याज सही है। पिछले किसान दिवस 15.04.2026 को प्रार्थना पत्र प्रभारी अधिकारी व सुरेश मौर्या साहब को बताया गया परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

श्री श्यामलाल मौर्य द्वारा अवगत कराया गया कि राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, पंचायत भवन में चलता है। वहां पर इतनी गंदकी व गढ्ढा है। अभी तक सही नहीं कराया गया है।

किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कृषकों की समस्याओं का शीध्र निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, ए0आर0 कोआपरेटिव, अग्रणी जिला प्रबन्धक व अन्य विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# कसया तहसील में 'परिवार राज' ? ट्रांसफर आदेश को ठेंगा दिखाकर तहसील में वर्षो से जमे लेखपाल राधेश्याम सिंह


बेटी– दामाद भी इसी तहसील में तैनात, आखिर किसके दम पर चल रहा पूरा खेल?।

कुशीनगर, (आरएनएस)। जनपद का कसया तहसील इन दिनों शासन के आदेशों से नहीं, बल्कि रसूखदारों की पकड़ से चलती हुई दिखाई दे रही है। तहसील में तैनात लेखपाल राधेश्याम सिंह को लेकर उठ रहे सवाल अब व्यवस्था की निष्पक्षता पर सीधा तमाचा बन गया हैं। आरोप है कि तबादला आदेश जारी होने और रिलीव करने के स्पष्ट निर्देश के बावजूद राधेश्याम सिंह की कसया तहसील से मोह भंग नही हुआ है और वहा वर्षो से जमे हुए हैं।सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि राधेश्याम सिंह अकेले नहीं हैं। उनकी बेटी और दामाद भी इसी तहसील में लेखपाल पद पर तैनात बताए जा रहे हैं। यानी पूरी तहसील को मानो "पारिवारिक जागीर" बना दिया गया हो। सवाल यह है कि आखिर किस नियम–कानून के तहत एक ही परिवार के तीन सदस्य एक ही तहसील में वर्षों से जमे हुए हैं?।

सूत्र बताते हैं कि वर्ष 2025 में शासन स्तर से राधेश्याम सिंह का ट्रांसफर कर दिया गया था। 30 नवंबर 2025 के बाद हर हाल में रिलीव करने का आदेश भी जारी हुआ। लेकिन आदेश फाइलों में दम तोड़ता रहा और लेखपाल साहब आज भी उसी कुर्सी पर विराजमान हैं। इससे स्पष्ट है कि कसया तहसील में शासन नहीं, बल्कि रसूख चलता है। तहसील परिसर में चर्चा है कि बेटी और दामाद की पकड़ के जरिए तहसील प्रशासन को पूरी तरह "मैनेज" कर लिया गया है। आरोप तो यहां तक लग रहे हैं कि प्रभावशाली लोगों संरक्षण के चलते ट्रांसफर आदेश को कूड़ेदान में डाल दिया गया। अगर यह सच है तो यह सिर्फ एक कर्मचारी का मामला नहीं, बल्कि पूरी प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल है। आम कर्मचारियों को आदेश मिलते ही तत्काल रिलीव कर दिया जाता है। लेकिन यहां मामला अलग है। यहां आदेश भी बेबस है और अधिकारी भी मौन। आखिर क्यों? क्या शासन के नियम सिर्फ कमजोर कर्मचारियों के लिए हैं? क्या रसूखदारों के लिए अलग कानून लिखा गया है? कसया तहसील में अब यह चर्चा आम हो चुकी है कि बिना राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के कोई कर्मचारी ट्रांसफर के बाद महीनों नहीं टिक सकता। ऐसे में सवाल सीधा है आखिर राधेश्याम सिंह को बचा कौन रहा है? अब देखना दिलचस्प होगा कि जिला प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करता है या फिर लेखपाल के रसूख के आगे बौना बन जाता है। अपर जिलाधिकारी द्वारा दिनांक 25 जून – 2025 को जारी पत्रक संख्या – 1468(4) मे आदेश दिया गया है कि जिलाधिकारी के आदेश दिनांक 24 जून 2025 द्वारा पूर्व आदेश दिनांक 16 जून 2025 से तहसील कसया से तमकुही राज तहसील में स्थानान्तरित लेखपाल राधेश्याम सिंह का स्थानान्तरण माह नवम्बर 2025 तक रोकते हुए तहसील कसया से कार्यमुक्त न किये जाने तथा माह नवम्बर 2025 के पश्चात कार्य मुक्त किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

# तीन वार्डो में सीसी सड़क और इंटरलॉकिंग का नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने किया लोकार्पण

मीरजापुर।नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने नगर के तीन वार्डों संगमोहाल,स्टेशन एवं चौबे टोला वार्डों में जनहित से जुड़े कार्यों का लोकार्पण किया।संगमोहाल वार्ड में ओवर ब्रिज के नीचे नाली मरम्मत,कवर ,सीसी सड़क, स्टेशन वार्ड में रिटेन वाल,सीसी सड़क एवं चौबे टोला वार्ड में साइड पटरी पर इंटरलॉकिंग कार्य का विधिवत पूजन अर्चन कर फीता काटकर लोकार्पण किया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर के तीन वार्डों में सीसी सड़क, इंटरलॉकिंग सहित जनहित से जुड़े विकास कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया है।इस मौके पर सभासद अलंकार जायसवाल,सतीश उपाध्याय,प्रदीप साहू,विजय प्रजापति,संदीप तिवारी,गोवर्धन यादव,इंद्रजीत पटेल, किशन गुप्ता,अखिलेश अग्रहरि, सचिन जायसवाल,शिवम अग्रहरी सहित अन्य मौजूद रहे।



# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

मीरजापुर 20 मई 2026– जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ के लम्बित प्रार्थना



पत्रो का ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड व केसीसी के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जनपद में 22 बैंकों की कुल 206 शाखाओं में से 137 ग्रामीण क्षेत्र, 22 अर्द्धशहरी क्षेत्र एवं 47 शहरी क्षेत्र में है। वाणिज्यिक बैंकों की 131 शाखाएं, ग्रामीण बैंक की 56 शाखाएं, जिला सहकारी बैंक की 16 एवं यूपीएसजीवी की 03 शाखाएं है। मार्च, 2026 तक कुल जमा रू0 14134.84 करोड़, कुल ऋण रू0 6968.29 करोड़ एवं समस्त बैंकों का औसत ऋण जमा अनुपात 49.30 प्रतिशत है। व्यावसायिक बैंकों का औसत ऋण जमा अनुपात 40.74 प्रतिशत है। जनपद के ज्यादातर बैंकों जैसे कैनरा बैंक, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, इण्डियन ओवरसीज बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया, जिला सहकारी बैंक, आर्यावर्त बैंक, कोटेक महिन्द्रा, एवं भारतीय स्टेट बैंक का ऋण जमाअनुपात राज्य औसत 60 प्रतिशत से कम है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रान्तर्गत जनपद का कुल ऋण 65.84 प्रतिशत है। कृषि ऋण 30.65 प्रतिशत है तथा एमएसई, वीकर सेक्सन ऋणों का प्रतिशत क्रमशः 30.82 प्रतिशत तथा 25.17 प्रतिशत है। जनपद का कुल एनपीए 6.63 प्रतिशत है। बैठक में पीएम सूर्यघर योजना, स्वारोजगारपरक योजनाए सक्षम लघु एवं मध्यम, खादी ग्रामोद्योग, ओ0डी0ओ0पी0, मुख्य युवा स्वारोजगार, पीएम स्वानिधि योजना, माटीकला आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए लम्बित आवेदन पत्रो को यथाशीध्र निस्तारण करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। बैठक में उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 सुशान्त सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम विलास यादव, उपायुक्त उद्योग, प्रबंधक लीड बैंक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को मिलेगा 15 दिवसीय निःशुल्क हिंदी टंकण प्रशिक्षण, कुलपति प्रो. शोभा गौड़ की पहल

मिर्जापुर। माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के कार्य–कौशल संवर्धन के लिए अब हिंदी टंकण प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने आज विश्वविद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से संवाद कर उनकी शैक्षिक योग्यता जानी। वार्ता में कुछ कर्मचारियों ने बताया कि वे अंग्रेजी टंकण जानते



हैं, लेकिन हिंदी टंकण नहीं। इस पर कुलपति ने समझाया कि हिंदी टंकण का प्रशिक्षण मिलने से वे विश्वविद्यालय के कार्यालयीय कार्यों में अधिक प्रभावी सहयोग कर सकेंगे। कर्मचारियों ने इस सुझाव को सहर्ष स्वीकार किया।

कुलपति प्रो. शोभा गौड़ ने सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए 15 दिवसीय निःशुल्क हिंदी टंकण प्रशिक्षण आयोजित करने का आदेश दिया। प्रशिक्षण के लिए आवश्यक कंप्यूटर सिस्टम भी विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस तरह के प्रशिक्षण से अप्रशिक्षित या अर्ध–प्रशिक्षित कार्मिकों को दक्ष बनाया जा सकता है, जिससे उनकी योग्यता का समुचित उपयोग हो सकेगा। इससे कर्मचारियों को उनकी क्षमता के अनुरूप दायित्व सौंपे जा सकेंगे और सेवा–प्रणाली की दक्षता व गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी। कुलपति के इस निर्णय से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है और उन्होंने इस पहल के लिए कुलपति के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# समाज के लोगों को सशक्त करेगा यादव महासभा- अंशुमान यादव

बाराबंकी।(आरएनएस ) अखिल भारतीय यादव महासभा के राष्ट्रीय निर्देश एवं प्रान्तीय नेतृत्व के निर्देश पर जनपद अयोध्या के विधानसभा रूदौली से संजय यादव पुत्र रामसजीवन यादव को यादव महासभा का वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व रूदौली विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया। संजय यादव मूलतः ग्राम पूरे राजबल के रहने वाले है। यह घोषणा अखिल भारतीय यादव महासभा उ०प्र० के पूर्वाचंल प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशुमान सिंह यादव ने की। उन्होंने बताया कि संजय यादव कुशल समाजसेवी है, समाज में साफ छवि के व्यक्ति है संगठन के लिए एक मजबूत व्यक्तित्व के रूप में कार्य करेगे, इनसे समाज को एक नई दिशा मिलेगी। श्री यादव ने कहा कि यह सामाजिक संगठन सन् 1924 में स्थापित सिर्फ समाज के लिए समर्पित है, किसी राजनैतिक दल के लिए प्रतिबद्ध नहीं है। अखिल भारतीय यादव महासभा, ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग किया है शीघ्र ही अन्य समुदाय की तरह जैसे राजपूताना राइफल्स रेजीमेन्ट, सिख रेजीमेन्ट, गोरखा रेजीमेन्ट, जाट रेजीमेन्ट, मराठा रेजीमेन्ट, डोंगरा रेजीमेन्ट, पंजाब रेजीमेन्ट का गठन हुआ है। उसी प्रकार से अहीर रेजीमेन्ट का गठन भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। पूर्वाचंल अध्यक्ष अंशुमान यादव ने पदाधिकारियों की घोषणा में बुधवार को अयोध्या जनपद से वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष यादव महासभा की घोषणा करते हुए स्पष्ट संदेश दिया ।

# सेक्टर चार में हनुमान चालीसा का पाठ, सेक्टर दो में भी जारी रहा महिलाओं का धरना

मेरठ(आरएनएस )। सेटबैक के विरोध में शास्त्रीनगर में दो स्थानों पर चल रहा महिलाओं का धरना मंगलवार को चिलचिलाती धूप में भी जारी रहा। इस दौरान जहां सेक्टर चार की महिलाओं ने चौराहे पर हनुमान चालीसा का पाठ किया। वहीं, सेक्टर दो में भी महिलाएं सड़क पर धरना देकर बैठी रहीं।

मंगलवार की सुबह शास्त्रीनगर सेक्टर तीन और चार की महिलाओं ने सेक्टर चार के चौराहे पर चल रहे धरने में हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंगलवार का दिन होने के कारण महिलाओं ने बजरंगबली से अपने व्यापार और मकान बचाने की प्रार्थना की। महिलाओं ने बताया कि बुधवार को कैंट क्षेत्र से भाजपा विधायक अमित अग्रवाल आवास विकास के अधिकारियों से मिलेंगे। उन्होंने इस मुलाकात के बाद अपनी समस्या के समाधान की उम्मीद जताई। उधर, शास्त्रीनगर सेक्टर दो में तिरंगा रोड पर चल रहा महिलाओं का धरना भी मंगलवार को जारी रहा। बताते चलें कि यहां पुलिस ने दो दिन पहले नियम विरुद्ध बताते हुए महिलाओं के सिरों से टेंट हटवा दिया था। धरना दे रही महिलाओं ने बताया कि राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने दोबारा से टेंट लगवाने के लिए कहा है।

# मेरठ में आज 43 डिग्री पार तापमान

## सुबह से ही लू ने बढ़ाई लोगों को परेशानी, सड़कों पर बांटा जा रहा ठंडा शरबत

मेरठ(आरएनएस )। मेरठ में गर्मी कहर ढा रही है। मंगलवार की सुबह तेज और चमकदार धूप के साथ हुई। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। दोपहर होते–होते सड़कों और बाजारों में सन्नाटा दिखाई देने लगा। जहां बीते दिन का अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। वहीं आज तापमान 43 डिग्री रहा।

मई के शुरुआती दो सप्ताह बारिश और आंधी के चलते मौसम अपेक्षाकृत राहतभरा रहा था, लेकिन अब पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने के बाद मौसम पूरी तरह शुष्क हो गया है। इसके चलते गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने आने वाले चार दिनों तक तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना जताई है।मौसम वैज्ञानिक ने दी चेतावनीभारतीय कृषि प्रणाली अनुसंधान संस्थान, मोदीपुरम के मौसम वैज्ञानिक डॉ. शमीम के अनुसार फिलहाल पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त हो चुका है, जिसके कारण मौसम पूरी तरह शुष्क बना हुआ है। अगले कुछ दिनों तक आसमान साफ रहेगा और तेज धूप निकलने से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।दोपहर में सड़कों पर पसरा सन्नाटाबीते दिन भी सुबह से ही तेज धूप निकल आई थी। जैसे–जैसे दिन चढ़ता गया, गर्म हवाओं और लू जैसे हालात ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। दोपहर के समय बाजारों, चौराहों और प्रमुख सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी।स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाहभीषण गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच जरूरी काम होने पर ही बाहर निकलने की सलाह दी है। अधिक पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और धूप से बचाव करने की अपील की गई है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है।सड़कों पर पिलाया शरबत गर्मी से राहत देने के लिए जहां एक ओर स्कूली बच्चों द्वारा सड़कों पर शरबत पिलाया जा रहा है तो वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी ओआरएस वितरण शिविर लगाए जा रहे हैं।

# संतों ने हमेशा समाज को जोड़ने का कार्य किया

जौनपुर(आरएनएस )। ब्लॉसम इंडिया फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की स्मृति में आयोजित "सामाजिक समरसता में गोरक्षपीठ की भूमिका" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं समरसता सम्मान समारोह रविवार को जिला प्रेक्षागृह, कलेक्ट्रेट–जौनपुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकता और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामशीष ने कहा कि सामाजिक समरसता के लिए प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। संतों ने सदैव समाज को जोड़ने का कार्य किया है। गोरक्षपीठ की सामाजिक समरसता में बड़ी भूमिका रही है. उन्होंने यह भी कहा कि चार वर्णों से बढ़कर हजारों जातियों में बंटे समाज को फिर से जोड़ने के लिए समयानुकूल नए सूत्र खोजने होंगे। उन्होंने कहा कि भारत में पहले लोग धर्म के माध्यम से एक–दूसरे की रक्षा करते थे। खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि गोरखपुर का गोरक्षपीठ आध्यात्मिक दृष्टि से एक प्रमुख केंद्र है और सनातन धर्म को आगे बढ़ाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह 'प्रिंसू' ने कहा कि गोरखपीठ ने समय–समय पर सनातन धर्म को मजबूत करने के साथ समाज में समरसता कायम करने का निरंतर कार्य किया है। संचालन श्याम चंद्र श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, युवा एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 22 लोगों को "समरसता सम्मान" से सम्मानित किया गया।

# डीआईजी माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

जौनपुर(आरएनएस )। वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक वैभव कृष्ण ने शनिवार को पुलिस लाइन सभागार, जौनपुर में अपराध एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में कुँवर अनुपम सिंह भी मौजूद रहे।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं ग्रामीण, सभी क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी तथा विभिन्न शाखाओं के प्रभारी अधिकारी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान डीआईजी ने जनपद में चिन्हित माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने हत्या, लूट, बलात्कार, छेड़छाड़, गो तस्करी और शराब तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही गृह चोरी और नकबजनी की घटनाओं में शामिल अपराधियों की गैंगशीट खोलकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।डीआईजी ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए सभी मामलों का समयबद्ध एवं गुण–दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा। महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तथा गुंडा एक्ट के तहत जिलाबदर की कार्रवाई तेज करने के निर्देश भी दिए गए। जनसुनवाई में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को शालीनता से सुनकर निष्पक्ष जांच के माध्यम से पीड़ितों को न्याय दिलाने, अवैध शराब के खिलाफ निरंतर अभियान चलाने तथा माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारियों एवं पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए गए।

# पुरुषोत्तम मास के प्रथम दिन धार्मिक अनुष्ठानों की धूम

जौनपुर(आरएनएस ) मृत्युंजय महादेव धाम उमरछा में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर प्रथम दिन विभिन्न प्रकार के भव्य धार्मिक आयोजनों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर भगवान शिव और प्रभु श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान रहा। आयोजक पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा सुशील कुमार उपाध्याय ने कहा, षपुरुषोत्तम मास में धार्मिक कार्यों का फल अनंत होता है, इसलिए क्षेत्र की सुख–समृद्धि और आध्यात्मिक चेतना जागृत करने हेतु इस भव्य मास परायण का निरंतर आयोजन किया रहा है। मुख्य पुरोहित पंडित अभिनव मिश्र के आचार्यत्व में अशोक दुबे, सूर्यनाथ शुक्ल, दीनानाथ उपाध्याय,सरोज, तृप्ति, रिया, शिवानी आदि महिलाओं और पुरुषों ने सामूहिक रूप से षनमः शिवायष् महामंत्र का सस्वर पाठ किया। भक्तों ने अत्यंत श्रद्धाभाव से भगवान मृत्युंजय महादेव पर बेलपत्र अर्पित कर विश्व कल्याण की कामना की।तत्पश्चात पंडित श्रेय मिश्र द्वारा श्रीरामचरितमानस के मास परायण के प्रथम विश्राम का पाठ और मधुर स्वर में व्याख्या की गई। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा, षमानस का प्रथम विश्राम नाम, महिमा और गुरु वंदना से मानव जीवन को अनुशासित बनाता है, क्योंकि राम नाम का स्मरण करने से जीव सहज ही भवसागर पार कर जाता है। इसके बाद पंडित अभिनव मिश्र द्वारा शिव पुराण का पाठ करते हुए उसके प्रथम अध्याय से लेकर तीसरे अध्याय के महत्व पर प्रकाश डाला गया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा, षशिव पुराण के शुरुआती अध्याय शिव कथा श्रवण, कीर्तन और मनन की महिमा बताते हैं, जिसके प्रभाव से मनुष्य के जन्म–जन्मांतर के पाप नष्ट होकर परम गति मिलती है।षमहामृत्युंजय जाप और रुद्राभिषेककथा और प्रवचन के उपरांत विद्वान पंडितों के दल द्वारा वैदिक रीति से 11 माला महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप किया गया।

# रोहटा में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे किसान नेता पवन गुर्जर को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट

मेरठ(आरएनएस )। दो दिन पहले रोहटा थाना क्षेत्र में दबंग युवक द्वारा बेरहमी से की गई अनुसूचित जाति की युवती की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे किसान नेता पवन गुर्जर को मंगलवार को पुलिस ने उनके घर में हाउस अरेस्ट कर लिया। काफी देर चले हंगामे के बाद पवन गुर्जर ने अपने घर में ही पुलिस को ज्ञापन सौंपा।बताते चलें कि रोहटा क्षेत्र की रहने वाली अनुसूचित जाति की युवती की गांव के रहने वाले एक युवक ने बेरहमी के साथ हत्या कर दी थी। हत्या के बाद शव की पहचान छुपाने के लिए चेहरे पर तेजाब डाल दिया था। हालांकि पुलिस ने एक दिन पहले ही घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। भारतीय किसान यूनियन धन सिंह कोतवाल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुर्जर ने बताया कि मंगलवार को वह अपने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ रोहटा में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। पवन का आरोप है कि मंगलवार की सुबह ही ब्रह्मपुरी पुलिस नूर नगर स्थित पवन के आवास पर पहुंच गई। जहां पुलिस ने पवन को हाउस अरेस्ट करते हुए घर में बिठा लिया। जानकारी मिलने के बाद संगठन के कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और हंगामा कर दिया। बाद में पवन गुर्जर ने पुलिस को ही पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपते हुए पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, केस की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराए जाने की मांग उठाई।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ सपा का हल्ला बोल, कलेक्ट्रेट पर हंगामा

मेरठ(आरएनएस )। बढ़ती महंगाई के खिलाफ सपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए जमकर हंगामा किया। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार को हर मुद्दे पर नाकाम बताते हुए सपा नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री शाहिद मंजूर, सपा विधायक अतुल प्रधान और रफीक अंसारी के साथ समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गूमी दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं को लेकर नारेबाजी करते कलेक्ट्रेट पहुंचे। हाथों में सिलेंडर लेकर कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी करते हुए सपा कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि लगातार बढ़ रही महंगाई में सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाकर जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। घरेलू सिलेंडर की कीमतें भी आसमान छू रही हैं। नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर सरकार की विफलता के चलते लीक हो रहे हैं और लाखों छात्रों का भविष्य हर साल दांव पर लग रहा है। राष्ट्रपति के नाम सौंपे ज्ञापन में सपा कार्यकर्ताओं ने हाल ही में बढ़ाए गए पेट्रोल और डीजल के दाम तत्काल कम किए जाने की मांग की।

# प्रमोशन के बाद पहली बार मेरठ पहुंचे सोमेंद्र तोमर का जोरदार स्वागत, औघड़नाथ मंदिर में किए दर्शन

मेरठ(आरएनएस )। स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री बनने के बाद पहली बार मेरठ पहुंचे डॉ सोमेंद्र तोमर का भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मेट्रो स्टेशन पर जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद सोमेंद्र तोमर पैदल ही औघड़नाथ मंदिर पहुंचे और बाबा औघड़नाथ का आशीर्वाद लिया।बताते चलें कि ऊर्जा राज्य मंत्री के पद पर रहे डॉ सोमेंद्र तोमर का कद बढ़ाते हुए सीएम योगी ने उन्हें सैनिक कल्याण, प्रांतीय रक्षक दल और राजनीतिक पेंशन विभाग देते हुए स्वतंत्र प्रभार का राज्य मंत्री नियुक्त किया है। जिसके बाद मंगलवार को डॉ सोमेंद्र तोमर लखनऊ से मेरठ पहुंचे। नमो भारत ट्रेन के जरिए शताब्दी नगर स्टेशन से भैंसाली मेट्रो स्टेशन पहुंचे सोमेंद्र तोमर का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।इस दौरान मेयर हरिकांत अहलूवालिया, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, पूर्व महानगर अध्यक्ष ऋतुराज जैन सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके बाद सोमेंद्र तोमर मेट्रो स्टेशन से पैदल ही औघड़नाथ मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान के आगे माथा टेककर पूजा–अर्चना की।

# विद्युत व्यवधान तत्काल दुरुस्त होने चाहिए-जिलाधिकारी

जौनपुर(आरएनएस )। जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार देर सायं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि आंधी तूफान के कारण जो पोल क्षतिग्रस्त हुए हैं उनको युद्धस्तर पर विभिन्न एजेंसिया लगाकर दो दिनों के अंदर पोल लगाते हुए विद्युत आपूर्ति बहाल कराएं एवं पूर्ण रूप से बहाल होने तक प्रतिदिन की प्रगति से अधीक्षण अभियंता तथा अधिशासी अभियंता शाम को अवगत कराएं एवं आपूर्ति बहाल होने के पश्चात सभी पोलो की ग्राउटिंग करा लें,जहां पर स्टे की आवश्यकता है वहां पर स्टे लगा दिया जाए। अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि परिवर्तक कम से कम क्षतिग्रस्त हो तथा सभी परिवर्तक पर सुरक्षा उपकरण जैसे टेललेस यूनिट एवं फ्यूज की स्थापना इत्यादि कर लिया जाए तथा अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में परिवर्तक उपलब्ध रखने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि परिवर्तक छतिग्रस्त होने पर तुरंत बदला जा सके। सभी उपखंड अधिकारियों को यह सचेत किया गया कि प्रत्येक उपभोक्ता के विद्युत बिल का निस्तारण उपखंड कार्यालय पर हो जाना चाहिए अगर इसमें कहीं पर भी लापरवाही पाई जाती है तो कार्यवाही कर दी जाएगी। जनपद मुख्यालय पर ट्रिपिंग की व्यवस्था का तत्काल निराकरण किया जाए एवं सभी विद्युत पोलो एवं तारों का अनुरक्षण एवं ट्री कटिंग कर लिया जाए जिससे कि आगामी वर्षा ऋतु में कहीं पर भी दुर्घटना की संभावना न बनी रहे तथा साथ ही साथ सभी परिवर्तकों की लोड बैलेंसिंग करते रहें। विशेषकर जल भराव वाले एरिया तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यह सुनिश्चित कर ले कि कहीं पर भी करंट उतरने की संभावनाएं ना बनी रहे तथा इंसुलेशन ठीक विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी अगले तीन माह तक अलर्ट मोड पर रहेंगे तथा विद्युत व्यवधान होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए विद्युत आपूर्ति बहाल करेंगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। समीक्षा बैठक के दौरान जवाब से संतुष्ट न होने पर अधीक्षण अभियंता द्वितीय को कारण बताओं नोटिस तथा उपखंड अधिकारी खेतासराय का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया की 15 दिन के पश्चात समीक्षा बैठक की जाएगी और यदि उपरोक्त दिशा निर्देशों का अनुपालन न किया जाना पाया जाएगा तो संबंधित के विरुद्ध प्रतिकूल कार्रवाई की जाएगी।

# कार्यशाला के समापन समारोह में 30 महिलायें सम्मनित

जौनपुर(आरएनएस )।सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने नगर के मरदानपुर स्थित कार्यालय पर आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डायमंड गर्ल ब्यूटी सलोन एंड मेकअप स्टूडियो के सौजन्य से विगत माह से आरंभ ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया, जिसमें 30 ब्यूटी पार्लर कोर्स प्रशिक्षित युवतियां महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ भी किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ ज्योति दास विशिष्ट अतिथि वंदना सरकार, प्रांत उपाध्यक्ष सेवा भारती संस्थाध्यक्ष प्रीति गुप्ता, प्रशिक्षिका पूजा जायसवाल, मोनिका गुप्ता, महासचिव अर्चना सिंह सहित सभी सखियों ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। मुख्य अतिथि डॉ ज्योति दास ने कहा कि नारी को आत्म निर्भर बनाना एक पुनीत कार्य हैं। यदि नारी के स्वयं के हाथ में हुनर हो तो वह अपने परिवार का भरण पोषण भली भांति कर सकती है। विशिष्ट अतिथि वंदना सरकार ने सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा नारी स्वावलंबन के लिए किया जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। संस्था की टीम ने प्रशिक्षण ले रही युवतियों एवं महिलाओं में प्रोजेक्ट रिपोर्ट के माध्यम से बेहतर कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया, जिसमें प्रथम स्थान शिखा साहू, द्वितीय स्थान नेहा शर्मा तथा तृतीय स्थान श्रेयसी गुप्ता ने प्राप्त किया। संचालन संस्था उपाध्यक्ष स्वर्णिमा जायसवाल ने किया तथा उपस्थित सभी के प्रति आभार महासचिव अर्चना सिंह ने व्यक्त किया। सरला माहेश्वरी,शीला राय, अंजु जायसवाल, दिव्या साहू, रूपम शुक्ला, दीपा साहू, शकुंतला मौर्य, सरिता निगम, संचिता बैंकर,तसनीम जैदी, सुजाता जायसवाल, सरिता निगम, कामना राय सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# 1 लाख 12 हजार महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य

जौनपुर (आरएनएस )। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजना तैयार की है। इसके तहत, जिले की 1 लाख 12 हजार महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत, सिलाई–कढ़ाई जैसे कार्यों में कुशल स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मास्टर ट्रेनर के रूप में काम करेंगी। ये ट्रेनर ग्रामीण क्षेत्रों की अन्य महिलाओं को विभिन्न कौशल सिखाकर उनकी आय बढ़ाने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद करेंगी। उपायुक्त एनआरएलएम जितेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार लखपति दीदीश् योजना का मुख्य उद्देश्य समूह से जुड़ी महिलाओं को इतना सक्षम बनाना है कि वे प्रति माह 10 से 12 हजार रुपये की आय अर्जित कर सकें। उन्होंने जोर दिया कि यह पहल ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जनपद में कुल 19 हजार स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं, जिनसे लगभग ढाई लाख महिलाएं जुड़ी हुई हैं। पूर्व में भी इन समूहों की कुछ महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था, जो अब अन्य महिलाओं को कुशल बनाने में सहयोग करेंगी।यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के साथ–साथ उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाएगी। कई गांवों में स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया जा रहा है और महिलाओं को विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

# एसओजी टीम की मदद से ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, तीन गिरफ्तार

अयोध्या(आरएनएस )। जनपद के बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के विट्ठलपुर गांव के पास 14 मई को मिले युवक की हत्या का मामला सुलझा लिया गया है। मृतक की पहचान अभिषेक दुबे उर्फ रिंकी मिश्रा के रूप में हुई, जो किन्नर के रूप में शादी–विवाह में नेग मांगने का काम करता था। हत्या उसके तीन साथियों अंशु मौर्य, नताशा किन्नर और विजय ढोलकिया ने की थी। पुलिस के मुताबिक तीनों आरोपी अभिषेक के बढ़ते प्रभाव और कारोबार से जलन रखते थे। 10 मई को अभिषेक ने अपना जन्मदिन बड़े स्तर पर मनाया था जिसमें करीब 1000 लोग शामिल हुए थे। उसी रंजिश में तीनों ने अभिषेक के साथ मारपीट कर उसे गंभीर हालत में विट्ठलपुर के पास छोड़ दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। एसपी ग्रामीण डॉ. बलवंत चौधरी ने प्रेस वार्ता में बताया कि मामला ब्लाइंड मर्डर था, इसलिए बीकापुर पुलिस और एसओजी टीम को चार दिन तक कड़ी मेहनत करनी पड़ी। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन, आला कत्ल, कैंची, एक कार, एक बाइक और 220 रुपये नगद बरामद हुए हैं। सफल खुलासे पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बीकापुर पुलिस और एसओजी टीम को इनाम देने की घोषणा की है।

# धोखाधड़ी के आरोपियों पर इनाम घोषित

अयोध्या(आरएनएस )। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तारून थाने में दर्ज एक धोखाधड़ी और गाली गलौच तथा धमकी के मामले में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दस हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया है। मंगलवार को पुलिस कार्यालय ने बताया कि तारून थाने में सगे भाइयों के खिलाफ गत वर्ष रिपोर्ट पंजीकृत कराई गई थी। दर्ज मामले की विवेचना में जुटी पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है लेकिन आरोपी मिल नहीं रहे । जिसके कारण एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने नामजद आरोपियों महेश कुमार वर्मा व इसके भाई मुकेश कुमार वर्मा पुत्रगण स्व कल्लू प्रसाद वर्मा निवासी मकसूदनपुर थाना तारून की गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने के लिए प्रत्येक पर 10 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है।

# पारिवारिक कलह में विवाहिता ने लगाई फांसी, खुद बची मगर गर्भ की मौत

अयोध्या(आरएनएस )। जनपद के तारुन थाना क्षेत्र में एक विवाहिता ने पारिवारिक कलह के चलते घर में ही फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। जिला अस्पताल लाए जाने पर डाक्टर ने विवाहिता की जान तो बचा ली लेकिन गर्भस्थ शिशुओं की मौत हो गई। जिला अस्पताल प्रशासन ने अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया है। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि मध्य रात्रि बाद तारुन थाना क्षेत्र के ककोली गांव निवासी विवाहिता कृष्णावती 31 वर्ष पत्नी दुर्गा प्रसाद को उसका जेठ रमेश कुमार गंभीर हाल में लेकर आया था। जेठ ने बताया कि विवाहिता के पहले से दो बच्चे हैं और वर्तमान में वह गर्भवती है। पारिवारिक कलह के कारण रात में उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मामले की जानकारी पर उसको फंदे से उतारकर तत्काल अस्पताल लेकर आया हूं। डाक्टर ने बताया कि विवाहिता को भर्ती कर इलाज किया गया और उसकी जान बच गई,लेकिन उसके गर्भ में पल रहे शिशुओं की मौत हो गई । मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया गया है।

# अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज की वामदलों ने निंदा की

अयोध्या(आरएनएस )। वामदलों ने लखनऊ के कैसरबाग में जिला न्यायालय व पुराने हाईकोर्ट परिसर के पास प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं के चौंबरों को बुलडोजर से ढहाने और इसका शांतिपूर्ण विरोध कर रहे वकीलों पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है और इसे न्याय व्यवस्था के एक महत्वपूर्ण स्तंभ पर सीधा हमला और पूरी तरह से तानाशाहीपूर्ण रवैया करार दिया है। भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी एवं भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर लोकतांत्रिक आवाज और न्याय के पक्ष में खड़े होने वाले तबके को डराने व कुचलने की नीति पर काम कर रही है। कानून और व्यवस्था का ढिंढोरा पीटने वाली सरकार में अब कानून के रक्षक (अधिवक्ता) भी सुरक्षित नहीं हैं। नेताओं ने कहा कि अपने चौंबरों और कार्यस्थल को बचाने के लिए शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलन कर रहे अधिवक्ताओं को दौड़ा–दौड़ा कर पीटा गया। इस हिंसक लाठीचार्ज में कई वकील गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह सिर्फ चौंबर ही नहीं, बल्कि उनकी रोजी–रोटी को भी उजाड़ने की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश के भीतर चाहे अपनी मांगों को लेकर मार्च कर रहे श्रमिक–कर्मचारी हों या न्याय की गुहार लगा रहे अधिवक्ता, योगी सरकार हर शांतिपूर्ण प्रतिवाद को लाठी और पुलिसिया दमन के बल पर दबा देना चाहती है। वामदलों ने मांग की कि जिन अधिवक्ताओं के चौंबर तोड़े गए हैं, उन्हें उचित वैकल्पिक स्थान दिया जाए, उनके नुकसान की भरपाई की जाए और घायल वकीलों के मुफ्त इलाज व सम्मानजनक मुआवजे की व्यवस्था हो। इसके अलावा, अधिवक्ताओं पर बर्बर लाठीचार्ज का आदेश देने वाले प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

# प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान को लेकर छात्राओं ने दिखाई रचनात्मकता

अयोध्या।(आरएनएस ) पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन के तत्वावधान में मंगलवार को अयोध्या में स्थित तुलसी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में भव्य पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने रंगों और रचनात्मकता के माध्यम से प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों को प्रभावी ढंग से चित्रित किया। प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक की करीब 80 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्राओं ने चार्ट पेपर पर स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त भारत की कल्पना को आकर्षक चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का संचालन उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन के जिला समन्वयक कार्तिक कुमार ने प्रभारी प्रधानाचार्य श्रीमती पूनम राव के सहयोग से किया। इस दौरान कार्तिक कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में युवा पीढ़ी की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की शक्ति विद्यार्थियों में ही निहित है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नमामि गंगे की डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट ऑफिसर श्वेता साहू मौजूद रहीं। उन्होंने छात्राओं की पेंटिंग्स की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्लास्टिक उन्मूलन को समय की आवश्यकता बताते हुए लोगों से जागरूक होने की अपील की।प्रतियोगिता में कस्तूरी ने प्रथम, शालिनी ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# विराट कोहली ने खोला अपने कमबैक का राज, बताया कैसे राहुल द्राविड ने मुश्किलों से निकाला

विराट कोहली ने कप्तानी छोड़ने के बाद के अपने मानसिक संघर्ष का खुलासा करते हुए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को श्रेय दिया है। कोहली के अनुसार, इन दोनों के सहयोग और मार्गदर्शन ने उन्हें न केवल 2022 के खराब फॉर्म से उबरने में मदद की, बल्कि क्रिकेट का आनंद फिर से लेने के लिए भी प्रेरित किया। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने स्वीकार किया है कि भारत की कप्तानी छोड़ने के बाद वह मानसिक रूप से कठिन और परेशान करने वाले दौर से गुजर रहे थे, लेकिन उन्होंने पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर का आभार व्यक्त किया, जिनकी मदद से उन्हें फिर से क्रिकेट का आनंद लेने में सहायता मिली। कोहली ने 2022 में कप्तानी छोड़ी थी और उसी वर्ष टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा था। उन्होंने छह टेस्ट मैच में सिर्फ एक अर्धशतक की मदद से 265 रन बनाए थे। इस दौरान उनका औसत 26.5 रहा था।द्रविड़ ने नवंबर 2021 में मुख्य कोच और विक्रम राठौर ने बल्लेबाजी कोच के रूप में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभाली थी। उन्होंने कोहली में फिर से जोश जगाया और संघर्ष कर रहे इस बल्लेबाज को खराब दौर से निकलने में मदद



की। उन्होंने कहा, "कप्तानी छोड़ने के बाद ही मैंने राहुल भाई और विक्रम राठौर जैसे लोगों से खुलकर बातचीत की और बहुत कुछ साझा किया। 2023 में टेस्ट क्रिकेट में मेरा प्रदर्शन शानदार रहा और जब भी मैं उनसे मिलता हूं मैं दिल से उनका शुक्रिया अदा करता हूं।"उन्होंने 'आरसीबी इनोवेशन लैब' के 'इंडियन स्पोर्ट्स समिट' के तीसरे सत्र के दौरान कहा, "उन्होंने (द्रविड़ और राठौर) मेरा इस तरह ख्याल रखा कि मुझे लगा कि मैं उनके लिए खेलना चाहता हूं। मैं प्रदर्शन करना चाहता हूं। मैं मैदान पर उतरकर जी–जान से मेहनत करना चाहता हूं। वे बहुत ही मददगार थे। उन्होंने मुझे एहसास दिलाया कि मैंने अब तक क्या हासिल किया है।" भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा कि द्रविड़ और राठौर उनके मन की अंदरूनी परेशानियों को समझते थे और उन्हें उनसे उबरने का रास्ता दिखाया।उन्होंने कहा, "राहुल भाई ने टेस्ट क्रिकेट में कई लोगों से कहीं बेहतर तरीके से यह काम किया है। विक्रम कई सालों से मेरे साथ हैं, इसलिए वे मेरी भावनाओं को समझते थे और मेरी स्थिति का एहसास था। उन्होंने मानसिक रूप से मेरा बहुत ख्याल रखा।" उन्होंने कहा, "इससे मुझे ऐसी स्थिति मिली जहां मैं फिर से क्रिकेट का आनंद ले सका। लेकिन जब मैं पूरी तरह से व्यस्त था, तब मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं चाहता हूं कि कोई मुझसे पूछे। मैं सब कुछ संभालने में काफी सक्षम था।" द्रविड़ की कोचिंग में कोहली ने 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ टेस्ट मैचों में 671 रन बनाए, जिसमें दो शतक और दो अर्धशतक शामिल रहे। उनका औसत 56 रहा, जो उनकी वापसी का स्पष्ट संकेत था। कोहली ने यह भी माना कि कप्तानी के दौरान वे धीरे–धीरे अपने भीतर की ऊर्जा खोते चले गए, जिसका उन्हें तब एहसास नहीं हुआ। उन्होंने कहा, "मैं ऐसी स्थिति में पहुंच गया जहां मैं हमारी बल्लेबाजी इकाई और कप्तानी का केंद्र बिंदु बन गया। मुझे इस बात का एहसास नहीं था कि ये दोनों चीजें मेरे दैनिक जीवन में कितना भार डालेंगी, क्योंकि मैं भारतीय क्रिकेट को शीर्ष पर बनाए रखने के लिए इतना दृढ़ संकल्पित और प्रेरित था।" कोहली ने स्वीकार किया, "जब मैंने कप्तानी छोड़ी, तब तक मैं पूरी तरह थक चुका था।

# आईपीएल प्लेआफ में चेन्नई 2 की जंग गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी

आईपीएल प्लेऑफ में पहले ही पहुंच चुकी गुजरात टाइटंस की नजरें अब चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने पर हैं, जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के दो मौके मिलेंगे। वहीं, प्लेऑफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी सीएसके इस मैच में अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए उतरेगी। प्लेऑफ में पहले ही अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी गुजरात टाइटंस की टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। लीग चरण में शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाली टीम को फाइनल में पहुंचने के दो अवसर मिलते हैं। गुजरात टाइटंस अभी 16 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज है।रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (18 अंक) पहले स्थान पर है। इन दोनों के अलावा सनराइजर्स हैदराबाद (16 अंक) भी शीर्ष दो में जगह बनाने की दौड़ में है। इन तीनों टीम ने पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अगर गुजरात टाइटंस सीएसके की खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करता है तो वह रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के (1.065) नेट रन रेट से भी आगे निकल सकता है। अगर सनराइजर्स अपने आखिरी लीग मैच में आरसीबी को हरा देता है तो पहले दो स्थान के लिए फैसला नेट रन रेट के आधार पर होगा। अभी गुजरात टाइटंस का नेट रन रेट (0.400) है जो सनराइजर्स (0.350) से बेहतर है। पिछले मैच में सनराइजर्स के हाथों हार के कारण सीएसके की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं।ऐसे में पांच बार की पूर्व चौंपियन सीएसके सत्र के अपने संभावित अंतिम मैच में प्रतिष्ठा बचाने की कोशिश करेगी। रुतुराज गायकवाड़ की अगुवाई वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है और प्लेऑफ में अंतिम स्थान के लिए दावेदारी में बने रहने के लिए उसे गुजरात के खिलाफ जीत के साथ अन्य मैचों के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी। नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिच पर होने वाले इस मुकाबले से पहले टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल और उनके सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन शानदार फॉर्म में हैं। सीएसके के गेंदबाजों के लिए उन पर अंकुश लगाना बड़ी चुनौती होगी। बीच के ओवरों में भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिल सकता है जिसमें गुजरात टाइटंस के स्टार स्पिनर राशिद खान सीएसके की मजबूत बल्लेबाजी पंक्ति की परीक्षा लेंगे।गिल, जोस बटलर और सुदर्शन गुजरात की बल्लेबाजी को मजबूती प्रदान करते रहेंगे। गुजरात के मध्य क्रम में हालांकि निरंतरता का अभाव है और ऐसे में चेन्नई के बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन उन पर दबाव बनाने की कोशिश करेंगे। दोनों टीम का एक दूसरे के खिलाफ रिकॉर्ड अभी 4–4 से बराबर है। हालांकि गुजरात ने इस सत्र के शुरू में चेपॉक में चेन्नई को आठ विकेट से हराया था। पिछले मुकाबले में कैगिसो रबाडा ने तीन विकेट लेकर सीएसके के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया था। सीएसके के लिए यह बेहद जरूरी है कि गायकवाड़ और संजू सैमसन उनके शुरुआती स्पेल में टिके रहें।टीम इस प्रकार हैंरू चेन्नई सुपर किंग्सरू रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, डियान फॉरेस्टर, जैक फॉल्क्स, अंशुल कंबोज, मैकनील नोरोन्हा, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर

# रेस में पंजाब का अहम मुकाबला, क्या मुंबई इंडियंसे बिगाड़ेगी पूरा खेल?

लगातार चार हार से बेपटरी हुई पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल प्लेऑफ की अपनी उम्मीदें जिंदा रखने के लिए मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी, जहां उसे अपनी कमजोर गेंदबाजी और फील्डिंग में तत्काल सुधार करना होगा। पिछले चार मैच में हार से आहत पंजाब किंग्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मेंअपना अभियान वापस पटरी पर लाना है तो मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुरुवार को यहां होने वाले मैच में उसे अपनी गेंदबाजी और फील्डिंग में जल्द से जल्द सुधार करना होगा। टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली पंजाब किंग्स की टीम लगातार चार मैच हार चुकी है और प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही है। उसकी टीम को अगर शीर्ष चार में जगह पक्की करनी है तो उसे अपने शेष बचे मैचों में से कम से कम दो मैच जीतने होंगे।पंजाब कुछ समय पहले तक टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय टीम थी, लेकिन इस प्रारूप और आईपीएल की प्रकृति ही ऐसी है कि भाग्य बहुत जल्दी किसी भी तरफ पलट सकता है। जैसा कि कप्तान श्रेयस अय्यर ने दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद कहा, पंजाब किंग्स की इस मुश्किल स्थिति के लिए वे खुद ही जिम्मेदार हैं। टूर्नामेंट के पहले भाग में बल्लेबाजों के शानदार



प्रदर्शन से गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां सामने नहीं आई लेकिन अब उसके लिए यह चिंता का विषय बन गया है।दिल्ली के खिलाफ मैच में अय्यर और उनकी टीम जीत के करीब पहुंच गई थी लेकिन आखिरी पांच ओवरों में तेज गेंदबाजों ने अपनी लेंथ सही नहीं रखी। अर्शदीप सिंह की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण का इकॉनमी रेट 10 टीमों में सबसे खराब है। आईपीएल के पहले हाफ में जेवियर बार्टलेट और अर्शदीप ने नई गेंद से अच्छा संयोजन प्रदान किया, लेकिन लॉकी फर्ग्यूसन की वापसी के बाद इसमें अस्थिरता देखने को मिली है। पंजाब ने पिछले मैच में बाएं हाथ के तीन तेज गेंदबाजों को मैदान पर उतारा, जिनमें बेन ड्वार्शियस भी शामिल थे, जो काफी महंगे साबित हुए।

अर्शदीप ने जिन 11 मैचों में हिस्सा लिया है, उनमें से अधिकांश में उन्होंने प्रति ओवर 10 से अधिक रन दिए हैं। अगर पंजाब की बल्लेबाजी की बात करें तो प्रभसिमरन सिंह को रन बनाने होंगे ताकि वह शीर्ष क्रम में प्रियांश आर्य का साथ दे सकें। पंजाब की फील्डिंग भी पिछले कुछ मैच में अच्छी नहीं रही और उन्होंने कई कैच छोड़े जिससे टीम को नुकसान हुआ। पंजाब का सामना अब मुंबई इंडियंस से है जिसने अभी तक निराशाजनक प्रदर्शन किया है। लेकिन पंजाब को उसे किसी भी तरह से हल्के से लेने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि वह उसके समीकरण बिगाड़ने में सक्षम है। मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे और यह देखना बाकी है कि वह पूरी तरह से फिट हो गए हैं या नहीं।पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे सूर्यकुमार यादव बाकी बचे तीन मैचों का भरपूर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। रयान रिकेल्टन और रोहित शर्मा से भी पावरप्ले में तूफानी शुरुआत की उम्मीद की जाएगी।टीम इस प्रकार हैंपंजाब किंग्सरू श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, प्रभसिमरन सिंह, मिचेल ओवेन, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शियस, पाइला अविनाश, विष्णु विनोद, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद। मुंबई इंडियंसरू नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, रयान रिकेल्टन, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या (कप्तान), राज बावा, विल जैक, कॉर्बिन बॉश,तिलक वर्मा, ट्रेंट बोल्ट, अश्विनी कुमार, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, मयंक मारकंडे, शार्दुल ठाकुर, क्विंटन डीकॉक, दानिश मालेवार, अथर्व अंकोलेकर, एएम गजनफर, मयंक रावत, रघु शर्मा, मोहम्मद सलाउद्दीन इजहार, रॉबिन मिंज. मैच भारतीय समयानुसार शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# टी 20 वर्ल्डकप में दक्षिण अफ्रीका के लिए फिर गरजेंगी

टी20 विश्व कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका ने बड़ा कदम उठाते हुए अनुभवी तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल और डेन वान नीकेर्क की संन्यास से वापसी कराई है, जबकि टीम की कमान लौरा वोल्वार्ड्ट को सौंपी गई है। इन प्रमुख खिलाड़ियों की वापसी से टीम काफी मजबूत हुई है और उसे इस बार खिताब के सबसे बड़े दावेदारों में से एक माना जा रहा है।दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम ने महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है और इस बार सबसे ज्यादा चर्चा अनुभवी तेज गेंदबाज शबनिम इस्माइल की वापसी को लेकर हो रही है। 37 वर्षीय शबनिम इस्माइल ने साल 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन अब वह एक बार फिर विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका की जर्सी में खेलती नजर आएंगी। मौजूद जानकारी के अनुसार, शबनिम इस्माइल लंबे समय से फ्रेंचाइजी क्रिकेट में लगातार सक्रिय थीं। उन्होंने महिला प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस के साथ खिताब भी जीता था। संन्यास के बाद उन्होंने दुनियाभर की अलग–अलग टी20 लीगों में कुल 90 से ज्यादा मुकाबले खेले, जिससे उनकी फिटनेस और फॉर्म दोनों बरकरार रहीं।दक्षिण अफ्रीका टीम की कप्तानी लौरा वोल्वार्ड्ट को सौंपी गई है। टीम में मारिजान कैप और पूर्व कप्तान डेन वान नीकेर्क की भी वापसी हुई है। गौरतलब है कि मारिजान कैप हाल ही में बीमारी के कारण टीम से बाहर थीं, जबकि डेन वान नीकेर्क ने पिछले साल संन्यास से वापसी की थी और उसके बाद कुछ अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले थे।दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच मंडला माशिमबीयी ने शबनिम इस्माइल की वापसी को टीम के लिए बेहद अहम बताया है। उन्होंने कहा कि शबनिम के अंदर अभी भी देश के लिए कुछ खास करने की भूख दिखाई देती है और उनका अनुभव टीम को बड़े मुकाबलों में फायदा पहुंचाएगा।बता दें कि टीम में युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है। पूर्व अंडर–19 कप्तान कायला रेनेके पहली बार सीनियर विश्व कप टीम में शामिल हुई हैं। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज कराबो मेसो भी चोट से उबरने के बाद टीम में वापसी कर रही हैं। कराबो मेसो अंडर–19 विश्व कप 2025 में दक्षिण अफ्रीका टीम का हिस्सा थीं।हालांकि पिछले टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाली एनेके बॉश इस बार टीम में जगह नहीं बना सकीं। चयनकर्ताओं ने अनुभव और टीम संतुलन को प्राथमिकता देने की बात कही है। दक्षिण अफ्रीका की टीम अपने अभियान की शुरुआत 13 जून को मैनचेस्टर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगी। क्रिकेट विशेषज्ञों का मानना है कि अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी से दक्षिण अफ्रीका की टीम इस बार खिताब की मजबूत दावेदार बन सकती है।

# भारत के दिग्गज क्रिकेटर राहुल द्रविड़ और रविचंद्रन अश्विन यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग से जुड़ गए

भारत के दिग्गज क्रिकेटर राहुल द्रविड़ और रविचंद्रन अश्विन यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग से जुड़ गए हैं, जहाँ द्रविड़ डबलिन टीम के मालिक और अश्विन कप्तान की भूमिका निभाएंगे। 2026 में शुरू हो रही इस लीग में स्टीव स्मिथ और ग्लेन मैक्सवेल जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं, जो यूरोप में क्रिकेट की व्यावसायिक क्षमता को भुनाने की एक सोची–समझी रणनीति का हिस्सा है।क्रिकेट की दुनिया में एक नई टी20 लीग को लेकर चर्चा तेज हो गई है। यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग के 2026 सत्र से पहले डबलिन फ्रेंचाइजी ने भारत के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को अपना मालिक घोषित किया है। खास बात यह है कि इस लीग से रविचंद्रन अश्विन भी जुड़ गए हैं, जो डबलिन टीम में कप्तान और मेंटर की भूमिका निभाते नजर आएंगे।मौजूद जानकारी के अनुसार, यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग का आयोजन क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। इस लीग में डबलिन, बेलफास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रॉटरडैम और एम्स्टर्डम की छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी। लीग का मुख्य उद्देश्य यूरोप में क्रिकेट को नई पहचान देना और युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतर मंच तैयार करना है।डबलिन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग के सह–मालिक अभिषेक बच्चन ने कहा कि राहुल द्रविड़ जैसे व्यक्तित्व का लीग से जुड़ना इसकी विश्वसनीयता और भविष्य की सोच को मजबूत बनाता है। उन्होंने कहा कि लीग केवल बड़े नामों तक सीमित नहीं रहना चाहती, बल्कि स्थानीय खिलाड़ियों को तैयार करने और जमीनी स्तर पर क्रिकेट को बढ़ाने पर भी ध्यान दे रही है।गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की नीतियों के चलते सक्रिय भारतीय खिलाड़ी विदेशी लीगों में हिस्सा नहीं ले सकते, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद रविचंद्रन अश्विन के लिए यह रास्ता खुल गया। अश्विन को दुनिया के सबसे समझदार और रणनीतिक क्रिकेटरों में गिना जाता है। ऐसे में उनकी मौजूदगी लीग के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।राहुल



द्रविड़ ने भी इस नई जिम्मेदारी को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यूरोप में क्रिकेट को आगे बढ़ाने और युवा खिलाड़ियों को अवसर देने का विजन उन्हें इस परियोजना की ओर आकर्षित करता है। द्रविड़ ने कहा कि डबलिन में क्रिकेट को लेकर अच्छा माहौल है और यहां भविष्य में खेल के विस्तार की काफी संभावनाएं मौजूद हैं।बताया जा रहा है कि यह लीग 26 अगस्त से 20 सितंबर 2026 तक खेली जाएगी, जिसमें कुल 33 मुकाबले होंगे। लीग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से निर्धारित समय–सीमा भी मिली है, जिससे बड़े खिलाड़ियों की उपलब्धता सुनिश्चित होने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके अलावा इस लीग से स्टीव वॉ, जोंटी रोड्स, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ, ग्लेन मैक्सवेल, फाफ डु प्लेसिस, हेनरिक क्लासेन, लियाम लिविंगस्टोन और टिम डेविड जैसे कई बड़े नाम भी जुड़े हुए हैं। कुछ खिलाड़ी निवेशक की भूमिका में हैं, जबकि कुछ मैदान पर खेलते नजर आ सकते हैं।

# संजय बांगर ने खोला डेविड मिलर का राज, जब वो कवर पर मारे तो गेंदबाज खतरे में

संजय बांगर ने डेविड मिलर की मैच जिताने वाली पारी की सराहना करते हुए कहा कि जब वह ऑफसाइड पर भी हावी होते हैं, तो उन्हें रोकना असंभव हो जाता है। बांगर ने पंजाब किंग्स की एक आयामी गेंदबाजी की आलोचना की, जिसमें विविधता की कमी ने मिलर को खुलकर खेलने और दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच का रुख बदलने में मदद की।पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर ने पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बल्लेबाज डेविड मिलर के शानदार प्रदर्शन की सराहना की, खासकर इसलिए क्योंकि उन्होंने न सिर्फ लेग साइड पर दबदबा बनाए रखा बल्कि ऑफसाइड और कवर के ऊपर से आक्रामक शॉट भी खेले, जो उनके पूर्ण नियंत्रण का संकेत था। बांगर ने पंजाब की गेंदबाजी में विविधता की कमी की आलोचना की, क्योंकि वे ज्यादातर अनुमानित लेंथ और वाइड यॉर्कर पर निर्भर थे, धीमी गेंदों या कटर के बजाय। दिल्ली कैपिटल्स ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स पर रोमांचक तीन विकेट की जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग 2026 प्लेऑफ की अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। डेविड मिलर की 28 गेंदों पर खेली गई सनसनीखेज 51 रनों की पारी



ने उनकी टीम को शानदार जीत दिलाई।बंगर ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि जब डेविड मिलर पूरी लय में होते हैं, तो वो सिर्फ लेग साइड पर ही दबदबा नहीं कायम रखते। हम सब जानते हैं कि वो डीप मिड–विकेट और लॉन्ग ऑन के पार आसानी से छक्का मार सकते हैं। लेकिन जब वो ऑफसाइड और कवर्स के ऊपर से जोरदार शॉट लगाने लगते हैं, तो समझ जाइए कि वो एक अलग ही स्तर पर हैं। तब गेंदबाजों को समझ आ जाता है कि वे मुश्किल में हैं। गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से आ रही थी और आउटफील्ड पर थोड़ी ओस भी थी।

उन्होंने कहा कि इस संयोजन ने पिच को बल्लेबाजी के लिए और भी अनुकूल बना दिया। गेंद फिसलती हुई आगे बढ़ी और मिलर को अपने शॉट्स पर ज्यादा जोर नहीं लगाना पड़ा। उन्होंने बस सही समय पर शॉट लगाए और गेंद तेजी से निकल गई। पंजाब के गेंदबाजों ने धीमी गति की गेंदों का इस्तेमाल न के बराबर किया। उन्होंने न तो गति बदलने की कोशिश की और न ही कटर गेंदों का प्रयोग किया। उन्होंने या तो वाइड यॉर्कर फेंकी या फिर अनुमान के मुताबिक लेंथ की गेंदें। मिलर को चकमा खाने की चिंता नहीं थी। उन्होंने शुरुआत में ही लेंथ को भांप लिया, सही पोजीशन ली और जमकर बल्लेबाजी की। यह एक साफ–सुथरी और आक्रामक पारी थी। उन्होंने सिर्फ रन ही नहीं बनाए, बल्कि एक मिसाल कायम की। जब मिलर इस तरह बल्लेबाजी करते हैं, तो वे अकेले दम पर मैच का रुख बदल सकते हैं। मिलर ने तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से अपने किलर मिलर वाले नाम को सही साबित करते हुए 28 गेंदों में 51 रन बनाए, जिससे उन्होंने पीबीकेएस के स्पिन आक्रमण को ध्वस्त कर दिया और आवश्यक रन रेट को नियंत्रण में बनाए रखा। अक्षर और मिलर के बीच 34 गेंदों में 64 रनों की साझेदारी ने दूसरी पारी की रीढ़ की हड्डी बनकर संभावित हार को एक शानदार लक्ष्य की ओर मोड़ दिया।

# आयात शुल्क वृद्धि पर सीजेपीसी की चेतावनी महंगा होगा सोना, बढ़ेगी तस्करी,

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बुधवार को कहा कि सोने पर आयात शुल्क बढ़ाने से आयात पर अंकुश नहीं लगता बल्कि कीमतें बढ़ती हैं। परिषद ने स्थायी समाधान के लिए सरकार से उद्योग के हितधारकों के साथ बातचीत करने की अपील की है। केंद्र सरकार द्वारा सोने और चांदी पर आयात शुल्क (Import Duty) को 6: से बढ़ाकर 15: करने के फैसले पर रत्न एवं आभूषण उद्योग ने कड़ी चिंता व्यक्त की है। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (GJEPC) ने बुधवार को कहा कि शुल्क में इस भारी वृद्धि से आयात पर अंकुश लगने की संभावना कम है, बल्कि इससे केवल घरेलू कीमतें बढ़ेंगी और अवैध व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।जीजेईपीसी ने बयान में कहा, '' आयात शुल्क बढ़ाने से शायद ही कभी सोने का आयात घटता है। यह केवल कीमतें बढ़ाता है। हाल के समय में सोने की कीमतें दोगुनी होने के बावजूद आयात उसी अनुपात में नहीं घटा है।'' परिषद के अनुसार, उच्च शुल्क तस्करी को बढ़ावा देते हैं और निर्यात लागत बढ़ाते हैं। वहीं निर्यातकों को अब नामित एजेंसियों से शुल्क–मुक्त सोना लेने पर प्रति किलोग्राम 28–30 लाख रुपये की बैंक गारंटी देनी पड़ रही है जिससे कार्यशील पूंजी बुरी तरह प्रभावित हो रही है।बयान में कहा गया कि इसका सबसे गंभीर असर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) विनिर्माताओं पर पड़ेगा। परिषद में ऐसे 80 प्रतिशत सदस्य हैं जो ''गंभीर नकदी संकट'' का सामना कर रहे हैं।

# वेलकम टू द जंगल का टाइटल ट्रैक जारी, धमाचौकड़ी मचाने आई अक्षय और उनकी टोली

अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, दिशा पाटनी, जैकलीन, रवीना टंडन सहित कई चर्चित सितारों से सजी फिल्म वेलकम टू द जंगल बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। इतने सारे सितारे जहां होंगे, वहां एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलना पक्का है। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है और काफी ध् ामाकेदार है ।फिल्म वेलकम टू द जंगल का गाना आया है। इसमें एक्शन भी है, इमोशन भी हैं और भरपूर कॉमेडी का डोज है। जंगल का इलाका है और अक्षय कुमार अपनी टोली के साथ वहां मौजूद हैं। जंगल में एक से बढ़कर एक चौलेंज सामने आते हैं। पूरी टोली सर्वाइव करती है। साथ में मस्ती भी भरपूर होती है। इस टाइटल ट्रैक के जरिए यह बात कंफर्म हो चुकी है कि अक्षय कुमार का फिल्म में डबल रोल है ।अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से यह गाना साझा किया है। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा है, इस जंगल में अब दहाड़ भी होगी और शोर भी होगा। फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। यह फिल्म 26 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म बॉलीवुड की पॉपुलर वेलकम फ्रेंचाईजी की तीसरी किस्त है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, जैकी श्रॉफ, परेश रावल, राजपाल यादव, रवीना टंडन और कीकू शारदा सहित कई चर्चित सितारे हैं। इस फिल्म का निर्देशन



अहमद खान ने किया है। फिल्म के गाने की बात करें तो गाने की तो इसे संगीतकार जोड़ी साजिद–वाजिद ने कंपोज किया है। इस गाने को रीक्रिएट संस्करण के साथ जारी किया गया है। पहले की तरह इस बार भी आवाज शान ने दी है।

# करुप्पू ने 100 करोड़ के क्लब में मारी एंट्री, 3 दिन में बनाए चार रिकार्ड, बनी 2026 की हाईएस्ट ग्रासिंग फिल्म

सूर्या की एक्शन ड्रामा फिल्म करुप्पू रिलीज होते ही छा गई है. फिल्म की सोशल मीडिया पर लोगों और क्रिटिक्स ने काफी तारीफ की. साथ ही बॉक्स ऑफिस पर भी इसका जलवा देखने के लिए मिला. फिल्म की रिलीज को तीन दिन हुआ है और इसने ओपनिंग वीकेंड पर एक दो नहीं बल्कि चार रिकॉर्ड बना दिए हैं. ये फिल्म 2026 की तमिल की हाईएस्ट ग्रॉसर मूवी बन चुकी है. ऐसे में चलिए बताते हैं कि इसकी वर्ल्डवाइड कमाई और रिकॉर्ड्स.

सूर्या की फिल्म करुप्पू ने 3 दिनों में ही 100 करोड़ के क्लब में एंट्री मार ली है लेकिन वर्ल्डवाइड. सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले दो दिनों में 74 करोड़ का बिजनेस किया था, जिसके बाद फिल्म को संडे की छुट्टी का फायदा मिला और इसकी कमाई वर्ल्डवाइड 100 करोड़ के पार पहुंच गई है.

इसके साथ ही अगर फिल्म के इंडिया कलेक्शन के बारे में बात की जाए तो सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 15.50 करोड़, दूसरे दिन 24.15 करोड़ और तीसरे दिन रविवार को 28.35 करोड़ का बिजनेस किया, जिसके बाद इसका इंडिया नेट कलेक्शन 68 करोड़ हो चुका है, जिसमें फिल्म ने तमिल में 57.70 करोड़ और 10. 30 करोड़ का बिजनेस किया.

इतना ही नहीं, करुप्पू ने बॉक्स ऑफिस पर एक और रिकॉर्ड सेट किया. सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म का दो दिनों ग्रॉस कलेक्शन 74 करोड़ था. वहीं रविवार को बंपर उछाल मिली और फिल्म वर्ल्डवाइड 120.75 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है. इसके साथ ही ये कोविड के बाद सूर्या की दूसरी हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन चुकी है. सैकनिल्क के अनुसार, इसके पहले उनकी फिल्म कंगुवा ने 106 करोड़ वर्ल्डवाइड बिजनेस किया था.

इसके साथ ही करुप्पू ने साल 2026 की टॉप 5 हाईएस्ट ग्रॉसिंग तमिल फिल्मों को भी पछाड़ दिया है और ये अब 2026 की तमिल की हाईएस्ट ग्रॉसर फिल्म बन चुकी है. जबकि दो दिनों की कमाई में ये 2026 चौथी तमिल की हाईएस्ट ग्रॉसर बन गई थी. लेकिन अब इसने पराशक्ति (84.75 करोड़ वर्ल्डवाइड) को पीछे छोड़ते हुए नंबर पर कब्जा कर लिया है.इतना ही नहीं, सूर्या की फिल्म करुप्पू ने




इंडिया में भी कमाल कर दिया है. महज दो भाषाओं तमिल और तेलुगु में रिलीज के बाद भी फिल्म ने इंडिया में ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन में 50 करोड़ के क्लब में एंट्री मार ली है. रविवार के के कलेक्शन के बाद फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन 68 करोड़ हो चुका है.

# फिल्म पेड्डी का ट्रेलर जारी, पहलवान बनकर दहाड़ने आए राम चरणय जाह्नवी कपूर छाई

राम चरण का एक्शन से भरपूर स्पोर्ट्स ड्रामा पेद्दी का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा ट्रेलर रिलीज हो गया है. पेद्दी के मेकर्स ने अब मुंबई के जियो वर्ल्ड ड्राइव में आयोजित एक लॉन्च इवेंट में इस स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा का ट्रेलर पेश किया है. ट्रेलर में राम चरण दमदार अवतार में नजर आए है.

मेकर्स ने पेद्दी का ट्रेलर सोशल मीडिया पर अपलोड किया है और कैप्शन में लिखा है, उसका अखाड़ा उसके नियम, उसका खेल अब शुरू होता है. पेद्दी का ट्रेलर अब आ गया है. पेद्दी 4 जून को दुनिया भर के सिनेमाघरों में.

ट्रेलर की शुरुआत काफी दमदार हुई है. ट्रेलर की शुरुआत में राम चरण के किरदार का परिचय दिखाया गया है, जिसमें वह सबके फेवरेट क्रिकेटर, रनर और रेसलर होते हैं. ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे समय बदलता है, पर खिलाड़ी एक ही रहता है. पेद्दी, जिसका किरदार राम चरण निभा रहे हैं, के अंदर खेल को लेकर काफी जूनुन देखा जाता है. ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे अपने हक की लड़ाई के लिए वह ऊंचे पद पर बैठे लोगों से लोहा लेता है.राम चरण के फैंस इस फिल्म से जुड़ी किसी बड़ी अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, क्योंकि फिल्म की रिलीज में कई बार देरी हुई थी और रिलीज की तारीखें भी बदली थीं. रिलीज की तारीख में दो बार की देरी के बाद, फिल्म ने आखिरकार 4 जून को रिलीज की तारीख के तौर पर चुना.बुची बाबू सना की



निर्देशित, पेद्दी की कहानी 1980 के दशक के ग्रामीण आंध्र प्रदेश पर आधारित है. यह एक गांव वाले के सफर को दिखाती है, जो एक ताकतवर विरोधी के खिलाफ अपने गौरव की रक्षा के लिए खेल के जरिए अपने समुदाय को एकजुट करता है. इस फिल्म को एक एक्शन से भरपूर स्पोर्ट्स ड्रामा बताया जा रहा है, जिसमें मजबूत भावनात्मक पहलू भी हैं.मुख्य भूमिका में राम चरण के अलावा, इस फिल्म में जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी अहम किरदारों में नजर आएंगे. पेद्दी राम चरण की 16वीं फीचर फिल्म है, जिसे वेंकट सतीश किलारू ने वृद्धि सिनेमाज के बैनर तले, मैथ्री मूवी मेकर्स के सहयोग से प्रोड्यूस किया है.

# 40 की उम्र में बला की हसीन हैं नुसरत भरुचा, हर एक लुक में एक्ट्रेस ढाती हैं कहर

बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरुचा अपनी एक्टिंग के साथ–साथ अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं. 40 की उम्र में भी नुसरत भरुचा अपने ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक्स से फैंस का दिल जीत रही हैं. हर आउटफिट में उनका कॉन्फिडेंस और एलीगेंस देखने लायक है, जहां वह अपने हर लुक से सोशल मीडिया पर तहलका मचा देती हैं.

नुसरत भरूचा का जन्म 17 मई 1985 में मुंबई में हुआ था. नुसरत भरूचा ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी. वो पहली बार टीवी शो किटी पार्टी में दिखाई दी थीं. इसके बाद नुसरत भरूचा ने साल 2006 में फिल्म जय संतोषी मां से बॉलीवुड में कदम रखा. इसके बाद वो 2009 में फिल्म कल किसने देखा है में दिखाई दीं. दोनों फिल्में कुछ खास नहीं कर सकीं. फिर साल 2011 में आई फिल्म प्यार का पंचनामा ने एक्ट्रेस को पॉपुलर कर दिया. फिल्म में कार्तिक आर्यन और नुसरत की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया. इस फिल्म के बाद नुसरत भरूचा को लोग पसंद करने लगे. साल 2015 में, वो फिल्म प्यार का पंचनामा 2 में में भी नजर आईं, लेकिन साल 2018 में, उनके करियर ने एक बड़ा मोड़ लिया. साल 2018 में नुसरत भरूचा फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी में नजर आईं थीं. इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन और सनी सिंह जैसे कलाकार थे. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी हिट थी. फिल्म में उन्होंने स्वीटी का रोल निभा कर अपने अभिनय का लोहा मनवाया. इसके बाद एक्ट्रेस ड्रीम गर्ल, छोरी, सेल्फी, राम सेतु जैसी फिल्मों में दिखाई दी. हर एक फिल्म में नुसरत का अलग अंदाज देखने को मिला. बता दें, बड़े पर्दे पर एक्ट्रेस ने कई ग्लैमरस रोल निभाए हैं. वहीं ये हसीना रियल लाइफ में भी बेहद ही ,स्टाइलिश और ग्लैमरस है. सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस आए दिन अपनी दिलकश फोटोज शेयर करती रहती हैं. जिसके लोग दिवाने नजर आते हैं. चाहे वेस्टर्न हो या एथनिक नुसरत हर एक लुक से बिजलियां गिराती हैं. 40 की उम्र में भी एक्ट्रेस अपने लुक्स से लोगों का दिल जीत लेती हैं.



# बाक्स आफिस पर दहाड़ी राजा शिवाजी, सैराट को पछाड़ बनी मराठी की नंबर 1 हाईएस्ट ग्रासिंग फिल्म

रितेश देशमुख और जेनेलिया देशमुख की फिल्म राजा शिवाजी एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जो रिलीज के बाद ही बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. फिल्म की रिलीज को 17 दिनों से ज्यादा का वक्त हो गया है. इसे भूत बंगला और धुरंधर 2 की आंधी के बीच रिलीज किया गया था और आज भी बॉक्स ऑफिल पर कमाल का बिजनेस कर रही है. ऐसे में अब फिल्म ने तीसरे संडे 17वें दिन बड़ा रिकॉर्ड बनाया है.

कोईमोई की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म राजा शिवाजी ने अपने तीसरे वीकेंड पर भी सॉलिड कमाई की है. फिल्म ने तीसरे संडे और 17वें दिन 3.8 करोड़ का बिजनेस किया है. वहीं, फिल्म ने 16वें दिन 2.9 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म ने दूसरे दिन के मुकाबले थर्ड डे 31.03त्न की उछाल दर्ज की. इसका इंडिया नेट कलेक्शन 93.1 करोड़ हो चुका है और फिल्म का ग्रॉस कलेक्शन 109.85 करोड़ कर लिया है.

रिपोर्ट के अनुसार, राजा शिवाजी ने मराठी सिनेमा में 9 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है. 2016 में आई फिल्म सैराट ने बॉक्स ऑफिस पर 90 करोड़ की कमाई की थी और ये उस समय मराठी की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म बन गई थी. ऐसे में अब इसे राजा शिवाजी ने तोड़ दिया है. इसने सैराट के इंडिया नेट कलेक्शन को पछाड़ दिया है. हालांकि, सैराट का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 110 करोड़ है. इसे ये सोमवार की कमाई के बाद पीछे छोड़ सकती है. बहरहाल, अगर फिल्म राजा शिवाजी के बारे में बात की जाए तो ये एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें छत्रपति शिवाजी महाराज की कहानी को दिखाया गया है. इसमें रितेश के साथ ही जेनेलिया देशमुख के साथ ही संजय दत्त जैसे कलाकारों ने लीड रोल प्ले किया है.



# अगर पेड़ वाईफाई देते ना, तो इंसान उन्हें रिचार्ज प्लान समझकर बचा के रखते- शहनाज गिल

एक्ट्रेस शहनाज गिल ने हाल ही में ट्री प्लांटेशन ड्राइव को सिर्फ इवेंट नहीं, इमोशन बना दिया। उन्होंने अपने दादा प्यारा सिंह की याद में एक पौधा लगाया कृ और इस छोटे से कदम में ढेर सारी मोहब्बत छुपी थी। दिल से बात करते हुए शहनाज ने ऐसा डायलॉग मारा जो सीधा दिल और दिमाग दोनों में सेव हो गयारू अगर पेड़ वाईफाई दे रहा होता ना, तो कोई उसे काटता ही नहीं! लेकिन पेड़ ऑक्सीजन दे रहा है, इसलिए सबको प्रॉब्लम है। फल खाओ, मजे से खाओज् पर जड़ मत काटो। सुनो जी, ध्यान रखो – पेड़ लगाओ, बहुत जरूरी है! और घरवालों को भी बोलोज् जो दिनभर पड़ोसियों के साथ गॉसिप सम्मेलन्य करते हैं, वो मिलकर पेड़ लगाएं। अपना आस–पास ठीक करो, एनवायरनमेंट खुद ही सेट हो जाएगा! अपनी सिग्नेचर देसी सच्चाई और फुल–ऑन रियल वाइब के साथ, शहनाज ने वो सच्चाई बोल दी जो हम सब जानते हैंज् पर इग्नोर करते हैं। ऑक्सीजन फ्री है, इसलिए उसकी वैल्यू नहीं समझते कृ ये सीधा ताना भी था और मीठा रिमाइंडर भी ।उनकी बातों और इस प्यारे ट्रिब्यूट ने इस ड्राइव को सिर्फ पेड़ लगाने का प्रोग्राम्य नहीं रहने दिया, बल्कि एक ऐसा मैसेज बना दिया जो घर–घर तक पहुंचना चाहिए कृ बदलाव बड़ी स्पीच से नहीं, छोटे–छोटे कामों से शुरू होता है। वर्क फ्रंट की बात करें तो शहनाज गिल जल्द ही इश्कनामा में नजर आने वाली हैं कृ और फैंस का एक्साइटमेंट तो पहले से ही फुल चार्ज है!



# पति पत्नी और वो दो ने तीसरे दिन की छप्परफाड़ कमाई, आखिरी सवाल का कैसा हाल?

आयुष्मान खुराना की रोमांटिक कॉमेडी पति पत्नी और वो दो ने बॉक्स ऑफिस पर 3 दिन पूरे कर लिए हैं। शुरुआत में ठीक–ठाक कारोबार करने के बाद इसने तीसरे दिन तहलका मचा दिया है। फिल्म ने बंपर कारोबार करते हुए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। दूसरी ओर, संजय दत्त की फिल्म आखिरी सवाल भी सिनेमाघरों में 3 दिन पूरे कर चुकी है और इसकी ताजा कमाई के आंकड़े अब आ चुके हैं। आइए जानते हैं दोनों फिल्मों की कमाई ।सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन 4 करोड़ रुपये से खाता खोला था। दूसरे दिन इसने 5.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया। तीसरे दिन, यानी रविवार को ऊंची छलांग लगाते हुए 7.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया है, जिसके बाद फिल्म का कुल घरेलू कलेक्शन 17.50 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन में फिल्म 24.25 करोड़ रुपये कमा चुकी है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।